
Skill India
कौशल भारत - कुशल भारत

सत्यमेव जयते
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF SKILL DEVELOPMENT
& ENTREPRENEURSHIP

Nimi

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) से परिचय

## फैसिलिटेटर मैन्युअल




वर्ष 1 | 2024
7.5 घंटे

# स्वागत!

आदरणीय प्रशिक्षक,

‘आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) से परिचय' मॉड्यूल के फैसिलिटेटर मैन्युअल में आपका स्वागत है!

शिक्षार्थियों द्वारा AI को समझने और अपनी पढ़ाई व करियर में इसका व्यावहारिक उपयोग सीखने की दिशा में, आपकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।इस सफर में, यह मैन्युअल, रोचक गतिविधियों और उपयोगी संसाधनों के माध्यम से आपका सहयोग करेगा। हमारा लक्ष्य है कि आप शिक्षार्थियों के सीखने के अनुभव को रुचिकर व अर्थपूर्ण बना पाएँ।

इस मैन्युअल में आपको विस्तृत सत्र योजनाएँ, शिक्षण रणनीतियाँ और शिक्षार्थियों की सीख का आकलन करने से संबंधित निर्देश व गतिविधियाँ मिलेंगी, जिनका उपयोग आप उच्च गुणवत्ता के शैक्षिक सत्र तैयार करने में कर सकते हैं।

आपसे यह अपेक्षा और अनुरोध है कि शिक्षार्थियों की आवश्यकता और समझ के अनुसार, आप मैन्युअल में दी गई जानकारी व योजना में बदलाव व सुधार करेंगे। हमारे शिक्षार्थियों के भविष्य-निर्माण में आपके लगन और समर्पण की भूमिका सर्वांगीण है।

शिक्षा के स्तर की उत्कृष्टता बनाए रखने में आपकी प्रतिबद्धता के लिए हम आपके आभारी हैं।

इस सफ़र के लिए आपको हार्दिक शुभकामनाएँ!

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) से परिचय


पृष्ठ सं.

**04 - 38**

| | |
|---|---|
| 13.1 AI को समझें | 04 |
| 13.2 AI कैसे काम करता है? | 08 |
| 13.3 AI के प्रकार | 13 |
| 13.4 AI क्या कर सकता है? | 17 |
| 13.5 इंडस्ट्री और नौकरियों पर AI का प्रभाव | 23 |
| 13.6 AI से करियर-विकल्पों को जानें | 27 |
| 13.7 AI की मदद से सीखें | 31 |
| 13.8 ज़िम्मेदारी के साथ AI का उपयोग | 34 |

# 13.1 AI को समझें

60 मिनट

## सत्र के उद्देश्य

**इस पाठ की मदद से शिक्षार्थी:**

1. AI को अपने शब्दों में परिभाषित कर पाएंगे।
2. आम-जीवन में AI के उपयोग से के उदाहरण प्रस्तुत कर पाएंगे।
3. AI का उपयोग करने वाले और न करने वाले ऐप्स के बीच अंतर कर पाएँगे।

| विषय | शिक्षण-प्रक्रिया | समय-अवधि |
|---|---|---|
| **क्या आपने AI के बारे में सुना है?** | • पता लगाइए कि शिक्षार्थी AI के बारे में पहले से क्या जानते हैं।<br>• शिक्षार्थी 'क्या आपने AI के बारे में सुना है?' भाग को स्टूडेंट वर्कबुक में पूरा करेंगे। | 10 मिनट |
| **13.1.1 आपने AI को कहाँ देखा या उपयोग किया है?** | • शिक्षार्थी AI ऐप्स और यह ऐप्स AI का उपयोग कैसे करते हैं, इसके बारे में जानेंगे।<br>• शिक्षार्थी स्टूडेंट वर्कबुक के 13.1.1 भाग में दी गई गतिविधियों को पूरा करेंगे। | 20 मिनट |
| **13.1.2 क्या AI नहीं है?** | • शिक्षार्थियों से चर्चा करें कि वे AI के बारे में क्या सोचते हैं और शिक्षार्थियों को AI की स्पष्ट परिभाषा बताएँ।<br>• शिक्षार्थियों को Microsoft Copilot और अन्य AI टूल्स से परिचित करवाएँ। वे आगे सीखेंगे कि प्रॉम्प्ट का उपयोग कैसे करते हैं।<br>• शिक्षार्थी स्टूडेंट वर्कबुक के 13.1.2 भाग में दी गई सभी गतिविधियों को में पूरा करेंगे। | 20 मिनट |
| **समापन और चिंतन** | • मुख्य बिंदुओं का सारांश करें और शिक्षार्थियों को गृहकार्य के बारे में याद दिलाएँ।<br>• शिक्षार्थियों ने जो भी नया सीखा है, उसके बारे में अपने विचार साझा करेंगे। | 10 मिनट |

## सहायक संसाधन:

डिजिटल संसाधन के रूप में उपलब्ध हैं।

## क्या आपने AI के बारे में सुना है?

10 मिनट

### प्रशिक्षक के कार्य

बोर्ड पर Artificial Intelligence शब्द लिखें और शिक्षार्थियों से पूछें कि क्या आपने यह शब्द पहले सुना है? उन्हें उत्तर देने का अवसर दें।

यहाँ कुछ संभावित उत्तर दिए गए हैं:

- सामान्य नाम जैसे- ChatGPT, Microsoft Copilot, Gemini, Siri, Alexa, या Google Assistant.
- असामान्य नाम जैसे- Yoodli, Grammarly या ऐसा कुछ जो AI नहीं है।
- शिक्षार्थी AI से संबंधित कुछ प्रश्न पूछ सकते हैं या कुछ शिक्षार्थी कहेंगे कि उन्होंने इसके बारे में पहले नहीं सुना है।

अब शिक्षार्थियों से स्टूडेंट वर्कबुक के “क्या आपने AI के बारे में सुना है?” भाग में AI के बारे में अपने विचार लिखने के लिए कहें।

**उन्हें इस समय कोई भी उत्तर न बताएँ। उन्हें स्वतंत्र रूप से अपने विचार लिखने का अवसर दें।**

**कहें:** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस या AI, कंप्यूटर या रोबोट जैसी बुद्धिमान मशीनें बनाने का विज्ञान है। ये मशीनें इंसानों की तरह सोच सकती हैं, सीख सकती हैं और समस्याओं का समाधान कर सकती हैं। AI को दिमाग वाली मशीनें माना जा सकता है।

**उदाहरण:** जब आप वीडियो गेम खेलते हैं, तो कंप्यूटर आपकी चालों को जानने, निर्णय लेने और आपके खिलाफ मानव की तरह खेलने के लिए AI का उपयोग करते हैं।

शिक्षार्थियों को प्रोत्साहित करें कि वे अपने मन में आने वाले सभी प्रश्नों को अपनी नोटबुक में लिखें। उन्हें बताए कि सत्र के अंत तक सभी प्रश्नों के उत्तर दे दिए जाएँगे। सत्र समाप्त होने पर इन प्रश्नों को फिर से दोहराएँ ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि सब कुछ स्पष्ट है।

## शिक्षार्थियों से अपेक्षा

- शिक्षार्थी AI के विषय में हो रही चर्चा में भाग लेंगे।
- स्टूडेंट वर्कबुक के “क्या आपने AI के बारे में सुना है?” भाग में दी गई गतिविधि को पूरा करेंगे।

# आपने AI को कहाँ देखा या इस्तेमाल किया है?

20 मिनट

## प्रशिक्षक के कार्य

**कहें :** AI के बारे में और दैनिक जीवन में इसके उपयोग के बारे में और अधिक जानने से पहले अपनी वर्कबुक में 13.1.1 भाग में दी गई पहली और दूसरी गतिविधि को पूरा करें।

**पूछें और चर्चा करें:** दूसरी गतिविधि के अनुसार आपको क्या लगता है कि कौन-से ऐप AI का उपयोग करते हैं और क्यों?

शिक्षार्थियों को उनके विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहित करें और यदि उनके उत्तर सही हैं तो उन्हें स्वीकार करते हुए उनकी प्रशंसा करें।

**कहें :** ऐसे ऐप्स जो किसी मानव की तरह सीख और सोच सकते हैं , वे सभी AI के उदाहरण हैं।

**उदाहरण :** YouTube AI का उपयोग करता है क्योंकि यह आपके द्वारा देखे जाने वाले वीडियो से सीखता है और उसी तरह के वीडियो सुझाता है। यह सीखकर और सुझाव देकर इंसानों की तरह व्यवहार करता है।

**कहें:** आइए अब साथ मिलकर 13.1.1 की अंतिम गतिविधि को पढ़ते हैं। हम इसके प्रत्येक विकल्प पर चर्चा करेंगे और उसे समझेंगे।

प्रत्येक विकल्प पर चर्चा करें, चर्चा के दौरान पहले शिक्षार्थियों को अपने विचार साझा करने का अवसर दें और उसके बाद उन्हें सही उत्तर बताएँ।

**नोट :** कृपया इस भाग से जुड़े अतिरिक्त प्रॉम्प्ट प्रश्न जानने के लिए डिजिटल संसाधन देखें।

## शिक्षार्थियों से अपेक्षा

13.1.1 भाग में दी गई सभी गतिविधियों को पूरा करेंगे।

# क्या AI नहीं है ?

20 मिनट

## प्रशिक्षक के कार्य

**कहें :** अब जबकि हमने कुछ AI उदाहरण देख लिए हैं, तो आइए जानें कि क्या AI है और क्या AI नहीं है। हम अलग-अलग उदाहरण देखेंगे और तय करेंगे कि वे AI हैं या नहीं। इससे हमें यह समझने में मदद मिलेगी कि अन्य तकनीकों की तुलना में AI किस तरह से खास है।

13.1.2 भाग में दी गई पहली गतिविधि को वर्कबुक में पूरा करने के लिए शिक्षार्थियों का मार्गदर्शन करें।

जब शिक्षार्थी गतिविधि करें, तो उन्हें इस तरह के संकेत दें, "प्रत्येक उदाहरण के बारे में सोचें कि यह कैसे काम करता है। क्या यह एक समझदार मस्तिष्क की तरह स्वयं सीखता और निर्णय लेता है? या यह केवल निर्देशों का पालन करता है?"

**पूछें और चर्चा करें:** गतिविधि के बाद, शिक्षार्थियों  को जोड़े में बाँटें और उन्हें वर्कबुक में 'चर्चा का समय' भाग के प्रश्नों पर चर्चा करने के लिए कहें। कुछ शिक्षार्थियों को स्वेच्छा से आगे आने और अपने विचार बाकी कक्षा के साथ साझा करने के लिए कहें।

**विस्तार से बताएँ:** AI को क्या खास बनाता है? यह हमारे दैनिक जीवन में उपयोग में ली जाने वाली तकनीकों से किस प्रकार अलग है? इसके उदाहरण दें।

**एकल कार्य :** शिक्षार्थियों से कहें कि उन्होंने अब तक जो कुछ समझा है, उसके आधार पर या AI टूल्स की सहायता से स्टूडेंट वर्कबुक के भाग 13.1.2 में दी गई दूसरी गतिविधि को पूरा करें।

**पूछें:** क्या किसी ने AI टूल्स  जैसे - ChatGPT, Microsoft Copilot, or Gemini का उपयोग किया है?
- यदि हाँ, तो पूछें कि उन्होंने कहाँ इसका उपयोग किया है।

**विस्तार से बताएँ:** AI टूल्स के बारे में बताएँ और यह भी साझा करें आगे आने वाले सत्रों में हम इनके बारे में विस्तार से जानेंगे।

**कहें:** आइए, अब देखते हैं कि किसी AI टूल में लॉग-इन कैसे करते हैं और प्रॉम्प्ट कैसे लिखते हैं।

[किसी एक टूल के बारे में विस्तार से समझाएँ। शिक्षार्थी घर पर अन्य टूल्स के उपयोग का प्रयास कर सकते हैं। ]

**Microsoft Copilot में लॉग- इन करने के निर्देश**
Microsoft Copilot में लॉग-इन करने के एक -एक चरण को सरल और स्पष्ट तरीके से समझाएँ।
1. ब्राउज़र खोलें : वेब ब्राउज़र जैसे - Chrome या Edge को खोलने से शुरू करें।
2. Microsoft Copilot पर जाएँ : Address Bar में bing.com लिखें और Enter का बटन दबाएँ।
3. साइन-इन : पेज में ऊपर दाहिनी ओर साइन-इन (Sign in) पर क्लिक करें।
4. जानकारी लिखें : आपका ई-मेल और पासवर्ड लिखें।
5. Microsoft Copilot खोजें: साइन-इन करने के बाद मेन्यू पर क्लिक करके या **Bing** पर **Microsoft Copilot** सर्च करके इसका उपयोग कर सकते हैं।

**ChatGPT में लॉग-इन करने के लिए निर्देश**
ChatGPT में लॉग-इन करने के एक -एक चरण को सरल और स्पष्ट तरीके से समझाएँ।
1. ब्राउज़र खोलें: वेब ब्राउज़र जैसे - Chrome या Edge को खोलने से शुरू करें।
2. ChatGPT पर जाएँ : Address Bar में "chat.openai.com" लिखें और  Enter का बटन दबाएँ।
3. साइन-इन : पेज में ऊपर दाहिनी ओर साइन-इन (Sign in) पर क्लिक करें।
4. जानकारी लिखें : आपका ई-मेल और पासवर्ड लिखें ।
5. ChatGPT का उपयोग करें : साइन-इन करने के बाद चैट का चयन करके या नए संवाद की मदद से आप ChatGPT का उपयोग करना शुरू कर सकते हैं।

**कहें :** अब, आइए देखें कि हम इन टूल्स का उपयोग कैसे कर सकते हैं। इनका प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए, हमें निर्देश लिखने होंगे जिन्हें प्रॉम्प्ट कहा जाता है।

**विस्तार से बताएँ:** प्रॉम्प्ट वे प्रश्न या निर्देश हैं जो आप AI टूल को देते हैं। उदाहरण के लिए, यदि आप मौसम के बारे में जानना चाहते हैं, तो आप प्रॉम्प्ट के रूप में "आज दिल्ली में मौसम कैसा रहेगा?" टाइप कर सकते हैं।

एक -एक चरण के द्वारा समझते हैं कि प्रॉम्प्ट कहाँ लिखते हैं :
- इनपुट-क्षेत्र को खोजें: एक टेक्स्ट बॉक्स या ऐसा ख़ाली स्थान खोजें जहाँ आप अपने प्रश्न या निर्देश लिख सकते हैं। यह वह जगह है जहाँ आप अपना प्रॉम्प्ट लिखेंगे।
- अपना प्रॉम्प्ट लिखें: अपना प्रश्न और निर्देश स्पष्ट रूप से इनपुट-क्षेत्र में लिखें।

**कहें:** शिक्षार्थियों से स्टूडेंट वर्कबुक के 13.1.2 भाग में दी गई दूसरी और तीसरी गतिविधि में प्रॉम्प्ट लिखने की कोशिश करने के लिए Microsoft Copilot या अन्य किसी AI टूल का उपयोग करने के लिए कहें।

**साझा करने का समय:** कुछ शिक्षार्थियों को AI टूल से प्राप्त किए गए उत्तरों को बाकी कक्षा के साथ साझा करने के लिए कहें।

**शंका-समाधान:** शिक्षार्थियों से उनके द्वारा पहले लिखे गए प्रश्नों को देखने के लिए कहें और उन प्रश्नों के उत्तर दें जिनके उत्तर उन्हें अभी भी नहीं मिले हैं।

### शिक्षार्थियों से अपेक्षा

- समूह चर्चा में भाग लेकर 13.1.2 भाग में दी गई दूसरी गतिविधि को पूरा करेंगे।
- 13.1.2 भाग में दी गई अंतिम दो गतिविधियों को पूरा करेंगे। उत्तर खोजने में मदद के लिए AI टूल्स जैसे- Microsoft Copilot या ChatGPT का उपयोग करेंगे।

## समापन और चिंतन

10 मिनट

### प्रशिक्षक के कार्य

**रीकैप:** मुख्य बिंदुओं को संक्षेप में प्रस्तुत करें, जैसे - AI क्या है, दैनिक जीवन में इसके उदाहरण और यह गैर-AI तकनीकों से किस तरह भिन्न है।
[AI का मतलब है ऐसी बुद्धिमान स्मार्ट मशीनें जो सीख सकती हैं और सुधार कर सकती हैं। यह दैनिक जीवन में उपयोग में आने वाले ऐप्स और टूल्स के रूप में हमारे आस-पास मौजूद है।]

**चिंतन:** पूछें : " आज आपने AI के बारे में क्या नई बात सीखी ?"
कुछ शिक्षार्थियों को अपने विचार साझा करने का अवसर दें।

शिक्षार्थियों को अपने दैनिक जीवन में AI की ओर ध्यान देने के लिए प्रोत्साहित करें और अगले सत्र का विवरण संक्षेप में बताएँ।

**गृहकार्य:** शिक्षार्थियों को याद दिलाएँ कि वे डिजिटल पाठ 'AI को समझें' और कक्षा के दौरान गृहकार्य के रूप में दी गई गतिविधियों को घर पर पूरा करें।

**समापन:**
कहें : "पहले से ज़्यादा स्मार्ट और ज़्यादा सक्षम मशीनें बनाकर AI हमारी दुनिया को बदल रहा है। AI के बारे में सीखकर, आप भविष्य के लिए तैयारी कर रहे हैं जहाँ तकनीक की भूमिका और भी बड़ी होगी। अगले सत्र में मिलते हैं!"

### शिक्षार्थियों से अपेक्षा

- शिक्षार्थी AI के बारे में सीखी गई कोई एक बात साझा करेंगे।
- शिक्षार्थी दैनिक जीवन में AI के उपयोग पर ध्यान देने और उसके प्रभावों के बारे में विचार करने के कार्य को नोट करेंगे।

### प्रॉम्प्ट का उपयोग करने के सुझाव

- **भिन्न परिणाम:** प्रॉम्प्ट आपको भिन्न परिणाम दे सकता है। यदि आपको वह उत्तर नहीं मिलता जिसकी आपको आवश्यकता है तो आप स्पष्टता के लिए अन्य प्रॉम्प्ट का उपयोग करें। कुछ उत्तरों के लिए विभिन्न प्रॉम्प्ट की आवश्यकता होती है।
- **विभिन्न टूल्स का उपयोग:** यदि कोई एक AI टूल काम नहीं करता तो किसी अन्य टूल का उपयोग करने का प्रयास करें।
- **कोशिश करते रहें:** यदि आपको उत्तर नहीं मिलता है, तो चैट दोबारा शुरू करें या फिर से प्रयास करें, हार नहीं मानें।

# 13.2 AI कैसे काम करता है?

60 मिनट

## सत्र के उद्देश्य

**इस पाठ की मदद से शिक्षार्थी:**

1. वास्तविक दुनिया के उदाहरणों का उपयोग करते हुए समझ पाएंगे कि AI कैसे कार्य करता है।
2. AI में डेटा की भूमिका को समझ पाएंगे।
3. मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग के बीच अंतर कर पाएंगे।

| विषय | शिक्षण -प्रक्रिया | समय-अवधि |
|---|---|---|
| **गृहकार्य की जाँच और शंकाओं का समाधान** | • पिछले सत्र के गृहकार्य की जाँच करें, AI टूल्स के साथ शिक्षार्थियों के अनुभवों पर चर्चा करें और और यदि उन्हें कोई शंका है या उनके कोई प्रश्न हैं तो उनका समाधान करें। | 5 मिनट |
| **डेटा की मदद से केस का हल** | • शिक्षार्थियों को AI में डेटा के महत्व से परिचित करवाएँ।<br>• शिक्षार्थी स्टूडेंट वर्कबुक में दिए गए भाग - 'डेटा की मदद से केस को हल करें!' को पूरा करेंगे। | 10 मिनट |
| **13.2.1 AI कैसे काम करता है?** | • शिक्षार्थी यह जानेंगे कि किसी काम को करने के लिए AI डेटा का उपयोग कैसे करता है।<br>• शिक्षार्थी 13.2.1 भाग में दी गई गतिविधि को स्टूडेंट वर्कबुक में पूरा करेंगे। | 10 मिनट |
| **13.2.2 डेटा क्या है और यह क्यों महत्वपूर्ण है?** | • शिक्षार्थी डेटा की अवधारणा और महत्व को उदाहरणों की मदद से समझेंगे।<br>• शिक्षार्थी AI टूल्स का उपयोग करते हुए 13.2.1 भाग में दी गई गतिविधि को स्टूडेंट वर्कबुक में पूरा करेंगे। | 15 मिनट |
| **13.2.3 AI किस तरह डेटा से सीखता है? मशीन लर्निंग बनाम डीप लर्निंग मशीन लर्निंग बनाम डीप लर्निंग** | • शिक्षार्थी मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग के बारे में जानेंगे और उनके अंतर को समझेंगे।<br>• शिक्षार्थी 13.2.3 भाग में दी गई गतिविधि को स्टूडेंट वर्कबुक में पूरा करेंगे। | 15 मिनट |
| **समापन और चिंतन** | • मुख्य बिंदुओं का सारांश करें और शिक्षार्थियों को गृहकार्य के बारे में याद दिलाएँ।<br>• शिक्षार्थियों ने जो भी नया सीखा है, उसके बारे में अपने विचार साझा करेंगे। | 5 मिनट |

## सहायक संसाधन:

डिजिटल संसाधन के रूप में उपलब्ध हैं।

## गृहकार्य की जाँच और शंकाओं का समाधान

5 मिनट

### प्रशिक्षक के कार्य

शिक्षार्थियों से पूछें कि क्या उन्होंने पिछली कक्षा में दिया गया डिजिटल पाठ पूरा किया, और यदि उन्हें कोई शंका है या उनके कोई प्रश्न हैं तो उनका समाधान करें।

**पूछें:** क्या किसी ने कुछ सीखने के लिए AI टूल्स का उपयोग करने की कोशिश की है?

- अगर उत्तर हाँ में मिले, तो पूछें
  क्या आप बताना चाहेंगे कि आपने किस काम में AI का उपयोग किया था? आपने कौन-से टूल का उपयोग किया था और आपको AI से किस प्रकार का उत्तर मिला?
- अगर उत्तर ना में मिले, तो शिक्षार्थियों को AI टूल्स का उपयोग शुरू करने के लिए कहें।

शिक्षार्थियों को AI टूल्स का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करें और यदि उन्हें कोई शंका है या उनके कोई प्रश्न हैं तो उनका समाधान करें।

### शिक्षार्थियों से अपेक्षा

शिक्षार्थी AI टूल्स के उपयोग से जुड़े अनुभव कक्षा में साझा करेंगे और अगर उनके पास कोई प्रश्न या शंका है तो उसे पूछेंगे।

## डेटा की मदद से केस को हल करें!

10 मिनट

### प्रशिक्षक के कार्य

**कहें:** अब आप यह जान चुके हैं कि AI क्या है, आइए अब यह समझते हैं कि AI काम कैसे करता है।

**समूह गतिविधि:** शिक्षार्थियों को 'डेटा की मदद से केस को हल करें' गतिविधि से परिचित करवाएँ। शिक्षार्थी जोड़े या छोटे समूह में इस पर चर्चा करें।

**निम्नलिखित प्रश्न पूछ कर उनकी आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा दें:**

- पहली स्थिति में जहाँ कोई जानकारी नहीं है, वहाँ चोर को पकड़ना आसान है या कठिन? क्यों?
- दूसरी स्थिति में उँगलियों के निशान की मदद से चोर की पहचान करना आसान हुआ या और कठिन हो गया?
- तीसरी स्थिति में, जहाँ उँगलियों के निशान और CCTV फुटेज दोनों मौजूद हैं, चोर को पकड़ना पहले से ज़्यादा आसान है या कठिन? क्यों ?

**साझा करने का समय:** कुछ समूहों या जोड़ों से अपने उत्तर और तर्क, कक्षा के साथ साझा करने के लिए कहें।

**कहें:** जिस तरह जासूसों को किसी मामले को सुलझाने के लिए सुराग या जानकारी की ज़रूरत होती है, उसी तरह AI को सीखने और निर्णय लेने के लिए डेटा की ज़रूरत होती है। आज, हम सीखेंगे कि AI कैसे काम करता है और किस तरह डेटा की मदद से AI बेहतर तरीके से सीख पाता है।

### शिक्षार्थियों से अपेक्षा

'डेटा की मदद से केस को हल करें' गतिविधि को स्टूडेंट वर्कबुक में पूरा करेंगे।

## 13.2.1 AI कैसे काम करता है?

10 मिनट

### प्रशिक्षक के कार्य

**कहें:** पिछले पाठ में, हमने सीखा कि YouTube हमें पसंद आने वाले वीडियो सुझाने के लिए AI का उपयोग करता है और हमारी रुचियों के आधार पर विज्ञापन दिखाता है।

**पूछें:** जब आप YouTube खोलते हैं तो क्या आपको वही वीडियो दिखाई देते हैं जो आपके दोस्तों को दिखाई दे रहे हैं?

कुछ शिक्षार्थियों को उत्तर देने के लिए कहें और शिक्षार्थियों को अपने YouTube पेज की तुलना अपने दोस्तों से करने के लिए प्रोत्साहित करें। (यदि कक्षा में उनके पास मोबाइल उपलब्ध हो।)

शिक्षार्थियों को यह सोचने के लिए प्रोत्साहित करें कि उनकी रुचियाँ उनके द्वारा देखे जाने वाले वीडियो को कैसे प्रभावित करती हैं। उदाहरण के लिए, अगर किसी को संगीत पसंद है, तो उन्हें ज़्यादातर संगीत से जुड़े वीडियो दिखाई देंगे। अगर उन्हें खाना बनाना पसंद है, तो वे उन्हें खाना पकाने से जुड़ी वीडियो ज़्यादा दिखेंगी।

**पूछें:** आपको क्या लगता है कि YouTube यह निर्णय कैसे लेता है कि प्रत्येक व्यक्ति को कौन -सा वीडियो दिखाया जाएगा?

शिक्षार्थियों को अपने विचार साझा करने और एक-दूसरे के साथ चर्चा करने के लिए प्रोत्साहित करें।

**विस्तार से बताएँ:** YouTube आपके द्वारा देखी गई वीडियो, पसंद की गई वीडियो, आपके रहने की जगह आदि डेटा से सीखता है। इसका मतलब है कि जितना अधिक आप एक ख़ास तरह की वीडियो देखेंगे, YouTube आपको अधिकतर उसी तरह की वीडियो के सुझाव देगा।

**कहें:** संख्या, शब्द, तस्वीरें और यहाँ तक कि कोई आवाज़, जिसे भी संकलित किया जा सकता है, वह डेटा हो सकता है। डेटा, AI को सीखने और बेहतर निर्णय लेने में मदद करता है। AI के पास जितना अधिक डेटा होगा, उतने ही बेहतर इसके सुझाव और निर्णय होंगे।

**पूछें:** क्या होगा अगर YouTube के पास आपके द्वारा देखी गई वीडियो, पसंद की गई वीडियो आदि का डेटा नहीं होगा? तब यह कैसे अलग दिखेगा?

13.2.1 भाग में दी गई गतिविधियों को पूरा करने के लिए शिक्षार्थियों का मार्गदर्शन करें।

**विस्तार से बताएँ:** यदि YouTube के पास आपने पहले क्या देखा है या आपकी पसंद क्या है, इस संबंध में जानकारी नहीं होगी, तो वह यह नहीं जान पाएगा कि आपको किस प्रकार के वीडियो पसंद हैं। आपकी रुचियों के आधार पर वीडियो का सुझाव देने की जगह वह सामान्य वीडियो दिखाएगा जो हो सकता है कि आपकी पसंद के अनुसार नहीं हो। ऐसा इसलिए क्योंकि YouTube आपके अनुभव के बारे में जानने और आपको पसंद आने वाले वीडियो का सुझाव देने के लिए आपके डेटा का उपयोग करता है।

शिक्षार्थियों को 13.2.1 भाग में दी गई सभी गतिविधियों को पूरा करने के लिए मार्गदर्शन करें।

### शिक्षार्थियों से अपेक्षा

13.2.1 भाग में दी गई सभी गतिविधियों को पूरा करेंगे।

## 13.2.2 डेटा क्या है और यह क्यों महत्वपूर्ण है?

15 मिनट

### प्रशिक्षक के कार्य

**कहें:** अब आप जान चुके हैं कि डेटा क्या है और AI में इसका उपयोग कैसे होता है। आइए अब डेटा और इसके महत्व के बारे में और अधिक जानते हैं।

शिक्षार्थियों से उनकी वर्कबुक में 13.2.2 भाग के अंतर्गत दी गई गतिविधि को पढ़ने के लिए कहें।

**समूह कार्य:** शिक्षार्थियों को छोटे-छोटे समूहों में AI टूल्स के उपयोग से इस गतिविधि को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित करें।

कक्षा में शिक्षार्थियों के कार्यों का अवलोकन करें। आवश्यकता के अनुसार सलाह दें और मदद करें। उनका कोई प्रश्न है तो उसका उत्तर दें।

शिक्षार्थियों द्वारा गतिविधि को पूरा करने के बाद संक्षेप में चर्चा करें कि AI किस प्रकार सीखने और ख़ुद में सुधार करने के लिए डेटा का उपयोग करता है। *[अधिक जानकारी के लिए डिजिटल संसाधन देखें]*

### शिक्षार्थियों से अपेक्षा

13.2.1 भाग में दी गई सभी गतिविधियों को AI टूल्स जैसे -Microsoft Copilot या ChatGPT का उपयोग करते हुए पूरा करेंगे।

## 13.2.3 AI किस तरह डेटा से सीखता है? मशीन लर्निंग बनाम डीप लर्निंग

15 मिनट

### प्रशिक्षक के कार्य

**कहें:** अब आप यह समझ चुके हैं कि AI को सीखने के लिए डेटा की आवश्यकता होती है, पर वास्तव में वह डेटा की मदद से कैसे सीखता है?

**पूछें:** क्या आपने मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग के बारे में सुना है?
- यदि शिक्षार्थी हाँ में उत्तर देते हैं तो उन्हें बताने का अवसर दें।
- यदि शिक्षार्थी ना में उत्तर देते हैं तो कहें कि आइए इन विषयों के बारे में साथ मिलकर पढ़ते हैं।

**कहें:** AI, डेटा की मदद से दो विशेष तरीकों से सीखता है।

शिक्षार्थियों को मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग के बारे में विस्तार से समझाएँ। उनके बीच के अंतर को समझाने के लिए उदाहरणों का उपयोग करें। *[मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग को विस्तार से समझाने के लिए डिजिटल संसाधन का उपयोग करें। ]*

**कहें:** अब हम मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग के विषय में एक बुनियादी समझ बना चुके हैं। अब आप रिक्त स्थानों को भरिए और 13.2.3 भाग में दी गई दूसरी गतिविधि को पूरा करें।

शिक्षार्थियों से 13.2.3 भाग में दी गई दूसरी गतिविधि में AI प्रॉम्प्ट का उपयोग करने और AI द्वारा तैयार किए गए उत्तरों की मदद से टेबल को पूरा करने के लिए कहें।

**पूछें:** क्या आपने कभी Facebook का उपयोग किया है?

**कहें:** क्या आपको लगता है कि Facebook मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग का उपयोग करता है?

विस्तार से बताएँ कि Facebook मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग दोनों तकनीकों का उपयोग करता है। *[विस्तार से समझाने के लिए डिजिटल संसाधन का उपयोग करें।]*

13.2.3 भाग में दी गई अंतिम गतिविधि को AI टूल्स का उपयोग करके पूरा करने के लिए शिक्षार्थियों का मार्गदर्शन करें। स्टूडेंट वर्कबुक से प्रॉम्प्ट का उपयोग करने और जवाब प्राप्त करने में शिक्षार्थियों की सहायता करें, जिससे यह भी पता चले कि Netflix और Amazon Prime Video मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग का उपयोग कैसे करते हैं।

### शिक्षार्थियों से अपेक्षा

13.2.1 भाग में दी गई सभी गतिविधियों को AI टूल्स जैसे -Microsoft Copilot या ChatGPT का उपयोग करते हुए पूरा करेंगे।

## समापन व चिंतन

5 मिनट

### प्रशिक्षक के कार्य

**रीकैप:** सत्र में शामिल मुख्य विषयों को संक्षेप में बताएँ, जैसे -AI में डेटा का महत्व, AI किस तरह सीखता है, और मशीन लर्निंग व डीप लर्निंग के बीच अंतर।

[आज, हमने सीखा कि AI इंसानों की तरह निर्णय लेने के लिए डेटा का उपयोग कैसे करता है। YouTube वीडियो का सुझाव देने से लेकर मौसम की भविष्यवाणी करने तक, AI एकत्रित की गई जानकारी से सीखता है। जैसे-जैसे AI बढ़ रहा है, मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग जैसी तकनीकें इसे और भी स्मार्ट बना रही हैं।]

**चिंतन:** पूछें : " आज आपने AI और डेटा के बारे में क्या नई बात सीखी ?"
कुछ शिक्षार्थियों को अपने विचार साझा करने का अवसर दें।

**गृहकार्य:** शिक्षार्थियों को याद दिलाएँ कि वे डिजिटल पाठ "AI कैसे काम करता है- भाग 1 और भाग 2" और कक्षा के दौरान गृहकार्य के रूप

में दी गई गतिविधियों को घर पर पूरा करें।

**समापन:**
कहें: आप सभी ने बहुत अच्छे से सत्र में भाग लिया! अपने सीखे हुए ज्ञान को परखने के लिए AI टूल्स का उपयोग करते रहें। अगले सत्र में मिलते हैं!

## शिक्षार्थियों से अपेक्षा

शिक्षार्थी AI के बारे में सीखी गई कोई एक बात साझा करेंगे।

## प्रॉम्प्ट का उपयोग करने के सुझाव

- **भिन्न परिणाम:** प्रॉम्प्ट आपको भिन्न  परिणाम दे सकता है। यदि आपको वह उत्तर नहीं मिलता जिसकी आपको आवश्यकता है तो आप स्पष्टता के लिए अन्य प्रॉम्प्ट का उपयोग करें। कुछ उत्तरों के लिए विभिन्न प्रॉम्प्ट की आवश्यकता होती है।
- **विभिन्न टूल्स का उपयोग:** यदि कोई एक AI टूल काम नहीं करता तो किसी अन्य टूल का उपयोग करने का प्रयास करें।
- **कोशिश करते रहें:** यदि आपको उत्तर नहीं मिलता  है, तो चैट दोबारा शुरू करें या फिर से प्रयास करें, हार नहीं मानें।

# 13.3 AI के प्रकार

30 मिनट

## सत्र के उद्देश्य

**इस पाठ की मदद से शिक्षार्थी:**

1. AI के प्रकारों - Narrow AI और General AI को समझ पाएँगे।
2. AI के इतिहास की व्याख्या कर पाएँगे।

| विषय | शिक्षण -प्रक्रिया | समय-अवधि |
|---|---|---|
| **AI और हम!** | • पिछले सत्र के गृहकार्य की जाँच करें, AI टूल्स के साथ शिक्षार्थियों के अनुभवों पर चर्चा करें और शिक्षार्थियों के कोई प्रश्न या शंका हो तो उसका समाधान करें।<br>• इस बारे में चर्चा करें कि AI ऐप्स सभी कामों के लिए अच्छा है या किसी एक विशेष कार्य के लिए अच्छा है।<br>• शिक्षार्थी स्टूडेंट वर्कबुक में दिए गए 'AI और हम' भाग को पूरा करेंगे। | 5 मिनट |
| **13.3.1 Narrow और General AI क्या है?** | • शिक्षार्थी वास्तविक उदाहरणों की मदद से AI के प्रकारों के बारे में जानेंगे।<br>• शिक्षार्थी 13.3.1 भाग में दी गई सभी गतिविधियों को स्टूडेंट वर्कबुक में पूरा करेंगे। | 10 मिनट |
| **13.3.2 AI का इतिहास** | • AI के इतिहास के बारे में चर्चा<br>• शिक्षार्थी 13.3.2 भाग में दी गई गतिविधि को स्टूडेंट वर्कबुक में पूरा करेंगे। | 10 मिनट |
| **समापन और चिंतन** | • मुख्य बिंदुओं का सारांश करें और शिक्षार्थियों को गृहकार्य के बारे में याद दिलाएँ।<br>• शिक्षार्थियों ने जो भी नया सीखा है, उसके बारे में अपने विचार साझा करेंगे। | 5 मिनट |

## सहायक संसाधन:

डिजिटल संसाधन के रूप में उपलब्ध हैं।

## गृहकार्य की जाँच और शंकाओं का समाधान

5 मिनट

### प्रशिक्षक के कार्य

शिक्षार्थियों से पूछें कि क्या उन्होंने पिछली कक्षा में दिया गया डिजिटल पाठ पूरा किया, और यदि उन्हें कोई शंका है या उनके कोई प्रश्न हैं तो उनका समाधान करें।

**कहें:** पिछले दो पाठों में हम अनेक ऐप्स के बारे में जान चुके हैं जो AI का उपयोग करते हैं। इनके अलावा भी बहुत-से ऐसे ऐप्स हैं जो AI का उपयोग करते हैं।

**एकल गतिविधि:** शिक्षार्थियों से 'AI और हम' भाग में दी गई गतिविधि को पूरा करने के लिए कहें।

**पूछें और चर्चा करें:** शिक्षार्थियों द्वारा इस गतिविधि को पूरा करने के बाद किसी भी शिक्षार्थी से पूछें कि यह ऐप्स किस प्रकार AI का उपयोग करते हैं। क्या यह ऐप कई प्रकार के कार्य करते हैं, जैसे संगीत बजाना, रिमाइंडर सेट करना और भाषाओं का अनुवाद करना, या यह केवल किसी ख़ास कार्य के लिए उपयोग में आते हैं?

### शिक्षार्थियों से अपेक्षा

- AI ऐप्स और ये किसी काम को करने में किस प्रकार अच्छे हैं पर चर्चा करेंगे।
- 'AI और हम' भाग में दी गई गतिविधि को स्टूडेंट वर्कबुक में पूरा करेंगे।

## 13.3.1 Narrow (नैरो) और General (जनरल) AI क्या है ?

10 मिनट

### प्रशिक्षक के कार्य

**कहें:** पिछली गतिविधि में आपने ध्यान दिया होगा कि प्रत्येक ऐप जो AI का उपयोग करते हैं, वह किसी विशेष काम जैसे - गानों के सुझाव देने, भाषाओं का अनुवाद करने या ट्रैफिक के दौरान सबसे अच्छा रास्ता खोजने में ही अच्छे हैं।
[अधिक जानकारी के लिए डिजिटल संसाधन देखें]

अब Narrow AI और General AI की अवधारणा को विस्तार से बताएँ और प्रत्येक के उदाहरण भी दें।

13.3.1 भाग में दी गई पहली गतिविधि के लिए शिक्षार्थियों का मार्गदर्शन करें। उन्हें दिए गए प्रॉम्प्ट के उपयोग से प्रश्न पूछने और प्राप्त किए गए उत्तरों को टेबल में लिखने के लिए कहें।

**कहें:** अब आप Narrow AI और General AI को समझ चुके हैं। अब 13.3.1 भाग में दी गई दूसरी गतिविधि को पूरा कीजिए।

**कार्य पूरा करने के बाद:** शिक्षार्थियों द्वारा गतिविधि पूरी करने के बाद प्रत्येक प्रश्न पर चर्चा करें और जहाँ आवश्यकता हो, वहाँ विस्तार से समझाएँ।

**पूछें:** क्या आप अंदाजा लगा सकते हैं कि कौन-सा रोबोट Narrow AI है और कौन-सा General AI? आप अपनी किताब खोजने के लिए प्रत्येक का उपयोग कैसे करेंगे?

13.3.1 भाग में दी गई तीसरी गतिविधि को पूरा करने के लिए शिक्षार्थियों का मार्गदर्शन करें। उन्हें विवेचनात्मक रूप से सोचने के लिए प्रोत्साहित करें, उनके उत्तरों पर चर्चा करें और जहाँ आवश्यकता हो, वहाँ विस्तार से समझाएँ।

**विस्तार से बताएँ:** रोबोट 1:  केवल किताब के शीर्षक के आधार पर खोज करता है। यह एक Narrow AI है क्योंकि यह सिर्फ एक विशेष काम ही कर सकता है।

रोबोट 2:  किताब के शीर्षक, लेखक और विवरण के आधार पर खोज करता है। इससे पता चलता है कि यह दिए गए कार्य को अनेक तरीक़ों से कर सकता है। यह कुछ-कुछ General AI जैसा है।

General AI में मानव की तरह ही अनेक तरह के बौद्धिक कार्य करने की क्षमता होगी, जैसे कि स्वाभाविक भाषा में प्रश्नों को समझना और उनका जवाब देना ( किसी विषय को उसके विवरण के आधार पर खोजना)।

कक्षा में शिक्षार्थियों के कार्यों का अवलोकन करें। आवश्यकता के अनुसार सलाह दें और मदद करें। अगर शिक्षार्थियों के पास कुछ प्रश्न हैं तो उनका उत्तर दें।

### शिक्षार्थियों से अपेक्षा

- Narrow AI और General AI की अवधारणा को समझेंगे।
- AI टूल्स  जैसे - Microsoft Copilot और ChatGPT की मदद से उत्तर खोजकर स्टूडेंट वर्कबुक के 13.3.1 भाग में दी गई सभी गतिविधियों को पूरा करेंगे।

## 13.3.2 AI का इतिहास

10 मिनट

### प्रशिक्षक के कार्य

**कहें:** अब जबकि हम General AI के बारे में जान चुके हैं जो कि AI का भविष्य है, आइए अब उसके इतिहास के बारे में जानते हैं।

**कहें:** हम महत्वपूर्ण घटनाओं की समय-रेखा (टाइम-लाइन) भी बनाएंगे।

**विस्तार से बताएँ:** AI के इतिहास की मुख्य घटनाओं के बारे में बताएँ और उसके बाद समय-रेखा की गतिविधि को समझाएँ। [अधिक जानकारी के लिए डिजिटल रिसोर्स देखें]

समय-रेखा की गतिविधि के लिए शिक्षार्थियों का मार्गदर्शन करें और उनसे कहें कि यदि वे कक्षा के समय में गतिविधि को पूरा नहीं कर पाते हैं तो वे गृहकार्य के रूप में इसे पूरा कर सकते हैं। साथ ही उन्हें स्पष्ट करें कि वे समय-रेखा में विवरण भरने के लिए दिए गए प्रॉम्प्ट का उपयोग कर सकते हैं।

**अंत में:** 1950 की शुरुआत से आज तक AI बहुत अधिक विकसित हुआ है। इसकी शुरुआत एक साधारण से विचार से हुई थी और आज इसका उपयोग एक अत्याधुनिक तकनीक के रूप में हो रहा है। आज Narrow AI का उपयोग हो रहा है, लेकिन भविष्य में General AI के उपयोग से हमारा जीवन कई मायनों में और भी बेहतर हो जाएगा।

### शिक्षार्थियों से अपेक्षा

- शिक्षार्थी खोज करेंगे और AI के इतिहास की घटनाओं की समय-रेखा को लिखेंगे।
- AI टूल्स जैसे - Microsoft Copilot और ChatGPT की मदद से उत्तर खोजकर स्टूडेंट वर्कबुक के 13.3.1 भाग में दी गई सभी गतिविधियों को पूरा करेंगे।

## समापन और चिंतन

5 मिनट

### प्रशिक्षक के कार्य

**रीकैप:** मुख्य बिंदुओं को संक्षेप में बताएँ, जैसे - AI के प्रकार और AI का इतिहास।

**चिंतन:** पूछें - “आज आपने AI के बारे में क्या नई बात सीखी?”
क्या आप Narrow AI और General AI के कुछ उदाहरण बता सकते हैं। कुछ शिक्षार्थियों को अपने विचार साझा करने का अवसर दें।

**गृहकार्य:** शिक्षार्थियों को याद दिलाएँ कि वे डिजिटल पाठ “AI के प्रकार” और कक्षा के दौरान गृहकार्य के रूप में दी गई गतिविधियों को घर पर पूरा करें।

**समापन:**
**कहें:** AI की शुरुआत से अब तक इसमें बहुत से सुधार आए हैं। हमने देखा है कि कैसे Narrow AI खास कामों को बखूबी से करता है, जैसे- गानों के सुझाव देना आदि।
भविष्य में, General AI और भी ज़्यादा आश्चर्यजनक काम कर सकता है। AI के बारे में सीखने से हमें भविष्य के लिए तैयार होने में मदद मिलती है, जहाँ यह कई तरह से हमारी मदद करेगा। अगले सत्र में मिलते हैं!

### शिक्षार्थियों से अपेक्षा

शिक्षार्थी AI के बारे में सीखी गई कोई एक नई बात साझा करेंगे और Narrow AI व General AI के उदाहरण बताएंगे।

## प्रॉम्प्ट का उपयोग करने के सुझाव

- **भिन्न परिणाम:** प्रॉम्प्ट आपको भिन्न  परिणाम दे सकता है। यदि आपको वह उत्तर नहीं मिलता जिसकी आपको आवश्यकता है तो आप स्पष्टता के लिए अन्य प्रॉम्प्ट का उपयोग करें। कुछ उत्तरों के लिए विभिन्न प्रॉम्प्ट की आवश्यकता होती है।
- **विभिन्न टूल्स का  उपयोग:** यदि कोई एक AI टूल काम नहीं करता तो किसी अन्य टूल का उपयोग करने का प्रयास करें।
- **कोशिश करते रहें:** यदि आपको उत्तर नहीं मिलता  है, तो चैट दोबारा शुरू करें या फिर से प्रयास करें, हार नहीं मानें।

# 13.4 AI क्या कर सकता है?

60 मिनट

## सत्र के उद्देश्य

**इस पाठ की मदद से शिक्षार्थी:**

1. अपने शब्दों में बता पाएँगे कि जेनरेटिव AI क्या है और यह हमें कैसे प्रभावित करता है।
2. प्रॉम्प्ट के बारे में जानने के लिए AI टूल्स का उपयोग कर पाएँगे।
3. अपने शब्दों में बता पाएँगे कि जेनरेटिव AI नया कॉन्टेन्ट कैसे तैयार करता है और कैसे विभिन्न क्षेत्रों में इसका उपयोग किया जाता है।

| विषय | शिक्षण -प्रक्रिया | समय-अवधि |
|---|---|---|
| **गृहकार्य की जाँच और शंकाओं का समाधान** | • पिछले पाठ के गृहकार्य की जाँच करें, AI टूल्स के साथ शिक्षार्थियों के अनुभवों पर चर्चा करें और और यदि उन्हें कोई शंका है या उनके कोई प्रश्न हैं तो उनका समाधान करें। | 3 मिनट |
| **मूल्यांकन** | • शिक्षार्थी पहले मॉड्यूल में दिए गए डिजिटल मूल्यांकन को पूरा करेंगे। | 15 मिनट |
| **सोचें और बताएँ** | • शिक्षार्थी इस बारे में विचार करेंगे कि रचनात्मक टूल्स की मदद से वे स्वयं कैसे रचनात्मक बन सकते हैं।<br>• शिक्षार्थी स्टूडेंट वर्कबुक में पहले भाग की गतिविधि को पूरा करेंगे। | 5 मिनट |
| **13.4.1 जेनरेटिव AI क्या है?** | • शिक्षार्थी यह समझेंगे कि जेनरेटिव AI क्या है।<br>• शिक्षार्थी स्टूडेंट वर्कबुक के 13.4.1 भाग में दी गई गतिविधि को पूरा करेंगे। | 10 मिनट |
| **13.4.2 AI टूल्स से बात कैसे करें?** | • शिक्षार्थी उदाहरणों की मदद से प्रॉम्प्ट के बारे में जानेंगे।<br>• शिक्षार्थी स्टूडेंट वर्कबुक के 13.4.2 भाग में दी गई गतिविधि को पूरा करेंगे। | 12 मिनट |
| **13.4.3 जेनरेटिव AI क्या कर सकता है?** | • शिक्षार्थी इस बारे में जानेंगे कि जेनरेटिव AI क्या कर सकता है?<br>• शिक्षार्थी स्टूडेंट वर्कबुक के 13.4.3 भाग में दी गई गतिविधि को पूरा करेंगे। | 10 मिनट |
| **समापन और चिंतन** | • मुख्य बिंदुओं का सारांश करें और शिक्षार्थियों को गृहकार्य के बारे में याद दिलाएँ।<br>• शिक्षार्थियों ने जो भी नया सीखा है, उसके बारे में अपने विचार साझा करेंगे। | 5 मिनट |

## सहायक संसाधन:

डिजिटल संसाधन के रूप में उपलब्ध हैं।

## गृहकार्य की जाँच और शंकाओं का समाधान

3 मिनट

### प्रशिक्षक के कार्य

शिक्षार्थियों से पूछें कि क्या उन्होंने पिछली कक्षा में दिया गया डिजिटल पाठ पूरा किया, और यदि उन्हें कोई शंका है या उनके कोई प्रश्न हैं तो उनका समाधान करें।

**पूछें:** क्या किसी ने कुछ सीखने के लिए AI टूल्स का उपयोग करने की कोशिश की है?

- अगर उत्तर हाँ में मिले, तो पूछें
  क्या आप बताना चाहेंगे कि आपने किस काम में AI का उपयोग किया था, आपने कौन-से टूल का उपयोग किया था और आपको AI से किस प्रकार का उत्तर मिला?
- अगर उत्तर ना में मिले, तो शिक्षार्थियों को AI टूल्स का उपयोग शुरू करने के लिए कहें।

शिक्षार्थियों को AI टूल्स का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करें और यदि उन्हें कोई शंका है या उनके कोई प्रश्न हैं तो उनका समाधान करें।

### शिक्षार्थियों से अपेक्षा

शिक्षार्थी AI टूल्स के उपयोग से जुड़े अनुभव कक्षा में साझा करेंगे और अगर उनके पास कोई प्रश्न या शंका है तो उसे पूछेंगे।

## डिजिटल मूल्यांकन

15 मिनट

### प्रशिक्षक के कार्य

शिक्षार्थियों  से मॉड्यूल 1 के डिजिटल मूल्यांकन को पूरा करने के लिए कहें।

डिजिटल मूल्यांकन को पूरा करने के बाद बेहतर समझ और सीखे गए ज्ञान को सुदृढ़ करने के लिए शिक्षार्थियों को अपने कार्य की समीक्षा करने के लिए कहें।

उन्हें अपनी समीक्षा पर समूह में चर्चा करने तथा अपने मन में किसी भी प्रकार की शंका होने पर प्रश्न पूछने के लिए प्रेरित करें।

### शिक्षार्थियों से अपेक्षा

डिजिटल पाठ के अंतर्गत दिया गया मूल्यांकन पूरा करेंगे।

## सोचें और बताएँ

5 मिनट

### प्रशिक्षक के कार्य

**कहें:** सोचें कि आपके पास एक जादुई टूल है, जो कुछ भी तैयार कर सकता है, एक पेंटिंग, कोई गाना, या फिर एक कहानी। अभी इस समय आप इस टूल से क्या बनाने के लिए कहेंगे?

शिक्षार्थियों को उनकी रुचियों के बारे में सोचने और यह बताने के लिए प्रेरित करें कि वे इस जादुई टूल की मदद से क्या बनाएंगे।

इस बात पर चर्चा करें कि यह टूल उनकी रचनात्मकता और उत्पादकता को कैसे प्रभावित कर सकता है।

**कहें:** इस गतिविधि के अंतर्गत हमने इस बारे में बातचीत की, कि एक जादुई टूल कैसे एक पेंटिंग बनाने, एक गीत या एक कहानी लिखने में आपकी मदद कर सकता है। क्या आप ऐसी किसी तकनीक के बारे में जानते हैं जो ऐसा कर सकता है?

**इस समय पर उन्हें कोई भी उत्तर न बताएँ बल्कि उन्हें स्वयं सोचने दें।**

### शिक्षार्थियों से अपेक्षा

स्टूडेंट वर्कबुक की पहली गतिविधि को पूरा करेंगे।

## 13.4.1 जेनरेटिव AI क्या है?

10 मिनट

### प्रशिक्षक के कार्य

**पूछें:** क्या आपने जेनरेटिव AI के बारे में सुना है?

शिक्षार्थियों को उत्तर देने का अवसर दें और उसके बाद सरल भाषा में उदाहरणों के साथ जेनरेटिव AI के बारे में समझाएँ।

**कहें:** जेनरेटिव AI एक ऐसी तकनीक है जो नई चीज़ें जैसे - चित्र, संगीत या कहानियाँ बना सकता है या जेनरेट कर सकता है।

**उदाहरण:** यह आपके द्वारा दिए गए निर्देशों के आधार पर चित्र बना सकता है या आपकी सोच के आधार पर कहानी लिख सकता है।

शिक्षार्थियों से AI प्रॉम्प्ट का उपयोग करते हुए 13.4.1 भाग में दी गई पहली गतिविधि को पूरा करने के लिए कहें।

**कहें:** अब आप जेनरेटिव AI के बारे में जान चुके हैं। इस जानकारी के आधार पर 13. 4.1 भाग में दी गई 'सही या गलत' गतिविधि को पूरा करें।

### शिक्षार्थियों से अपेक्षा

AI टूल्स जैसे - Microsoft Copilot और ChatGPT की मदद से उत्तर खोजकर स्टूडेंट वर्कबुक के 13.4.1 भाग में दी गई सभी गतिविधियों को पूरा करेंगे।

## 13.4.2 AI टूल्स से बात कैसे करें

12 मिनट

### प्रशिक्षक के कार्य

**कहें:** हम जानते हैं कि जेनरेटिव AI बहुत -सी चीज़ें बना सकता है, लेकिन कुछ भी बनाने के लिए हमें उसे सही निर्देश देने होंगे जिन्हें प्रॉम्प्ट कहते हैं।

प्रॉम्प्ट एक निर्देश है जो प्रतिक्रिया देने या काम को करने के लिए AI को दिया जाता है।

आइए इसे कुछ उदाहरणों की मदद से समझते हैं:

**समूह गतिविधि:** शिक्षार्थियों से ChatGPT या Microsoft Copilot जैसे AI टूल का उपयोग करने के लिए कहें और प्रॉम्प्ट दें, "बारिश के मौसम के बारे में एक कविता लिखें।"
उन्हें जोड़े या छोटे समूहों में काम करने के लिए कहें ।

**साझा करने का समय:** 1 या 2 विद्यार्थियों से AI द्वारा बनाई गई कविता को कक्षा में साझा करने के लिए कहें। [आप को शायद ऐसा लगे कि कविता बहुत लंबी है, उसमें कठिन शब्दों का उपयोग किया गया है और उसे समझना भी मुश्किल है।]

**कहें:** पहला निर्देश जो आप AI को देते हैं, जिसमें आप उसे बताते हैं कि आप क्या चाहते हैं, उसे बेस प्रॉम्प्ट (Base Prompt) कहा जाता है। अब, मुझे एक छोटी, सरल कविता चाहिए। आइए देखें कि हम यह कैसे कर सकते हैं।

**समूह गतिविधि:** शिक्षार्थियों से एक और प्रॉम्प्ट देने के लिए कहें, जो इस प्रकार हो - "कविता को इस तरह लिखें कि 8-14 साल के बच्चे इसे समझ पाएँ, इसे 10 पंक्तियों में लिखें और तुकबंदी के साथ लिखें।"
शिक्षार्थी पहले से बने समूहों या जोड़ियों में इस गतिविधि को करेंगे।

**साझा करने का समय:** 1 या 2 विद्यार्थियों से AI द्वारा बनाई गई कविता को कक्षा में साझा करने के लिए कहें। साथ ही इस बात पर ध्यान देने के लिए भी कहें कि दूसरा उत्तर उनकी अपेक्षा के कितने करीब है।

**कहें:** एक फॉलो-अप प्रॉम्प्ट वह अतिरिक्त निर्देश या प्रश्न होते हैं जिसे आप बेस-प्रॉम्प्ट के बाद बताते या पूछते हैं। इससे AI को आपकी ज़रूरत समझकर अपना जवाब बेहतर बनाने में मदद मिलती है।

कविता के उदाहरण की मदद से चर्चा करें कि कैसे फ़ॉलो-अप प्रॉम्प्ट, उपयोगकर्ता की अपेक्षाओं के अनुरूप AI के उत्तरों में बदलाव और सुधार करते हैं।

अब, तालिका में दी गई निम्नलिखित स्थितियों को शिक्षार्थियों के साथ साझा करें और उनसे पूछें कि वे प्रत्येक स्थिति के लिए कौन से फ़ॉलो-अप प्रॉम्प्ट का उपयोग कर सकते हैं:

**उदाहरण:**
**स्थिति: जब उत्तर आसान न हो।**

**पूछें:** इस स्थिति में किस तरह के फॉलो-अप प्रॉम्प्ट का उपयोग करना चाहिए? शिक्षार्थियों को उनके विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहित करें।

यदि उन्हें कठिनाई हो, तो उन्हें सुझाव दें कि आप ये प्रॉम्प्ट दे सकते हैं - "क्या आप इसे सरल शब्दों में समझा सकते हैं?" या "क्या आप इसे किसी नए व्यक्ति के समझने के लिए आसान तरीक़े से बता सकते हैं?"

शिक्षार्थियों से प्रत्येक स्थिति में निम्न प्रॉम्प्ट का उपयोग करने के लिए कहें-

| परिस्थिति | प्रॉम्प्ट |
|---|---|
| जब उत्तर आसान न हो। | क्या आप इसे किसी नए व्यक्ति के समझने के लिए आसान तरीक़े से बता सकते हैं? |
| जब उत्तर उपयुक्त न हो। | क्या आप किसी उदाहरण के उपयोग से स्पष्ट कर सकते हैं? |
| जब उत्तर बहुत लंबा हो। | क्या आप 2-3 वाक्यों में इसका सार बता सकते हैं? |
| जब उत्तर गलत लग रहा हो। | क्या आप किसी विश्वसनीय स्त्रोत से इस जानकारी की दोबारा जाँच कर सकते हैं? |

शिक्षार्थियों को इसे बेहतर तरीके से समझने के लिए वर्कबुक में दिए गए प्रॉम्प्ट का उपयोग करने और घर पर इस काम को पूरा करने के लिए कहें।

**कहें:** आप प्रॉम्प्ट का उपयोग कर रहे हैं और आपने ध्यान दिया होगा कि कई बार कुछ प्रॉम्प्ट सही उत्तर नहीं देते हैं, तो आइए वर्कबुक में दी गई गतिविधि की मदद से समझते है कि ऐसा क्यों होता है।

शिक्षार्थियों से वर्कबुक में दिए गए प्रॉम्प्ट का उपयोग करने और उससे मिले उत्तरों पर कक्षा में चर्चा करने के लिए कहें।

**विस्तार से बताएँ:** एक अच्छे प्रॉम्प्ट में सभी ज़रूरी जानकारी शामिल होती है, जिससे AI को सटीक रूप से पता चलता है कि उसे क्या करना है। वहीं, ख़राब प्रॉम्प्ट में अस्पष्ट या कार्य से जुड़ी जानकारी नहीं दी गई होती है। इससे AI को यह समझने में मुश्किल आती है कि करना क्या है और जवाब में गलती हो सकती है।

13.4.2 भाग में दी गई सभी गतिविधि के लिए शिक्षार्थियों का मार्गदर्शन करें और इस गतिविधि को गृहकार्य में करने के लिए कहें।

## शिक्षार्थियों से अपेक्षा

- शिक्षार्थी AI टूल्स के उपयोग से प्रॉम्प्ट के बारे में जानेंगे।
- शिक्षार्थी उत्तर खोजने में सहायता के लिए Microsoft Copilot या ChatGPT जैसे AI टूल का उपयोग करके 13.4.2 भाग की सभी गतिविधियाँ पूरी करेंगे।

## 13.4.3 जेनरेटिव AI क्या कर सकता है?

10 मिनट

### प्रशिक्षक के कार्य

**पूछें:** क्या आपने कभी स्वयं कोई कहानी या गीत लिखा है?
क्या आप कहानी या गीत लिखते समय उसके सबसे अच्छे भाग के बारे में बता सकते हैं। जब आप कोई कहानी या गीत लिखते हैं तो किस तरह की चुनौतियों का सामना करते हैं?

**साझा करने का समय:** शिक्षार्थियों को कहानियाँ या गीतों को लिखते समय होने वाले अनुभवों को साझा करने का अवसर दें।

**कहें:** अब आप जेनरेटिव AI से परिचित हो चुके हैं। आइए, इस बारे में जानते हैं कि जेनरेटिव AI क्या कर सकता है।
जेनरेटिव AI चित्र बना सकता है, निबंध और स्क्रिप्ट्स लिख सकता है, संगीत की धुन बना सकता है और वीडियो बना सकता है। इन सभी कामों के लिए निशुल्क और शुल्क के साथ, दोनों तरह के टूल्स उपलब्ध हैं जिससे अलग-अलग क्षेत्र में काम कर रहे लोगों को अपना कार्य जल्दी और बेहतर ढंग से करने में मदद मिल रही है।

शिक्षार्थियों को वर्कबुक में दिए गए प्रॉम्प्ट का उपयोग करते हुए निशुल्क AI टूल्स खोजने और रचनात्मक लेखन, चित्र और वीडियो बनाने का प्रयास करने के लिए कहें।

13.4.3 भाग में दी गई गतिविधि को पूरा करने के लिए शिक्षार्थियों का मार्गदर्शन करें और उन्हें अगली कक्षा में अपना वीडियो प्रस्तुत करने के लिए कहें। वे इस प्रोजेक्ट के लिए अकेले या फिर समूह में काम कर सकते हैं।

### शिक्षार्थियों से अपेक्षा

शिक्षार्थी AI टूल का उपयोग करके प्रॉम्प्ट के बारे में जानेंगे।

## समापन और चिंतन

5 मिनट

### प्रशिक्षक के कार्य

**रीकैप :** मुख्य बिंदुओं को संक्षेप में प्रस्तुत करें, जैसे- जेनरेटिव AI क्या है, प्रॉम्प्ट का उपयोग करके AI टूल के साथ कैसे बात करें, और जेनरेटिव AI की क्षमताएँ।

*[जेनरेटिव AI नई चीज़ें जैसे - टेक्स्ट, तस्वीर और संगीत बना सकता है। स्पष्ट निर्देश लिखना, जिन्हें प्रॉम्प्ट कहा जाता है, यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि जेनरेटिव AI अच्छी तरह से काम करेगा और आपकी अपेक्षा के अनुसार नई चीज़ें बनाएगा।]*

**चिंतन:** पूछें: “आज के पाठ में आपको जो बात सबसे मज़ेदार या चुनौतीपूर्ण लगी, उसे साझा करें।”
छात्रों को यह सोचने के लिए प्रोत्साहित करें कि उन्होंने AI टूल और जेनरेटिव AI के बारे में जो कुछ सीखा है, उसे वे अपने प्रोजेक्ट्स या रुचिकर कार्यों में कैसे लागू कर सकते हैं।

**गृहकार्य:** शिक्षार्थियों को याद दिलाएँ कि वे डिजिटल पाठ “AI क्या कर सकता है” एवं “AI से कैसे बात करें” और कक्षा के दौरान गृहकार्य के रूप में 13.4.3 भाग में दी गई गतिविधि को घर पर पूरा करें।

**समापन:** कहें,”जेनरेटिव AI को समझने से रचनात्मकता और नवाचार के द्वार खुलते हैं। AI टूल्स के साथ सीखते रहें और नए प्रयोग करते रहें - यह तकनीक का भविष्य है!”

### शिक्षार्थियों से अपेक्षा

शिक्षार्थी आज के पाठ की सबसे मज़ेदार या चुनौतीपूर्ण बात साझा करेंगे।

## प्रॉम्प्ट का उपयोग करने के सुझाव

- **भिन्न परिणाम:** प्रॉम्प्ट आपको भिन्न परिणाम दे सकता है। यदि आपको वह उत्तर नहीं मिलता जिसकी आपको आवश्यकता है तो आप स्पष्टता के लिए अन्य प्रॉम्प्ट का उपयोग करें। कुछ उत्तरों के लिए विभिन्न प्रॉम्प्ट की आवश्यकता होती है।
- **विभिन्न टूल्स का उपयोग:** यदि कोई एक AI टूल काम नहीं करता तो किसी अन्य टूल का उपयोग करने का प्रयास करें।
- **कोशिश करते रहें:** यदि आपको उत्तर नहीं मिलता है, तो चैट दोबारा शुरू करें या फिर से प्रयास करें, हार नहीं मानें।

# 13.5 इंडस्ट्री और नौकरियों पर AI का प्रभाव

60 मिनट

## सत्र के उद्देश्य

**इस पाठ की मदद से शिक्षार्थी:**

1. AI के इंडस्ट्री और नौकरियाँ पर पड़ रहे प्रभाव को समझ पाएँगे।
2. काम में AI से होने वाले लाभ और हानि को समझ पाएंगे।

| विषय | शिक्षण -प्रक्रिया | समय-अवधि |
|---|---|---|
| **कार्यस्थल पर AI का उपयोग!** | • पिछले सत्र के गृहकार्य की जाँच करें, AI टूल्स के साथ शिक्षार्थियों के अनुभवों पर चर्चा करें और और यदि उन्हें कोई शंका है या उनके कोई प्रश्न हैं तो उनका समाधान करें।<br>• AI की वजह से स्टोर्स आदि में रोजगार के नए अवसरों और किस तरह AI दुनिया को बदल रहा है, विषय पर चर्चा करें।<br>• शिक्षार्थी स्टूडेंट वर्कबुक में दिए गए भाग 'कार्यस्थल पर AI का उपयोग' को पूरा करेंगे। | 10 मिनट |
| **13.5.1 AI से इंडस्ट्री और नौकरियाँ किस तरह प्रभावित हो रही हैं?** | • शिक्षार्थी उदाहरणों की मदद से जानेंगे कि AI किस तरह से नौकरियों को प्रभवित कर रहा है।<br>• शिक्षार्थी स्टूडेंट वर्कबुक के 13.5.1 भाग में दी गई गतिविधि को पूरा करेंगे। | 20 मिनट |
| **13.5.2 काम में AI से होने वाले लाभ और हानि** | • शिक्षार्थी काम में AI से होने वाले लाभ और हानि के बारे में जानेंगे।<br>• शिक्षार्थी स्टूडेंट वर्कबुक के 13.5.2 भाग में दी गई पहली और दूसरी गतिविधि को  पूरा करेंगे। | 20 मिनट |
| **AI के बारे में आप क्या महसूस करते हैं?** | • शिक्षार्थी इंडस्ट्री और नौकरियों पर पड़ने वाले AI के प्रभावों से जुड़ी अपनी भावनाओं के बारे में सोचेंगे।<br>• शिक्षार्थी, स्टूडेंट वर्कबुक के 13.5.2 भाग में 'AI के बारे में आपको कैसा महसूस हो रहा है?' गतिविधि को पूरा करेंगे। | 5 मिनट |
| **समापन और चिंतन** | • मुख्य बिंदुओं का सारांश करें और शिक्षार्थियों को गृहकार्य के बारे में याद दिलाएँ।<br>• शिक्षार्थियों ने जो भी नया सीखा है, उसके बारे में अपने विचार साझा करेंगे। | 5 मिनट |

## सहायक संसाधन:

डिजिटल संसाधन के रूप में उपलब्ध हैं।

# गृहकार्य की जाँच और शंकाओं का समाधान

10 मिनट

## प्रशिक्षक के कार्य

शिक्षार्थियों से पूछें कि क्या उन्होंने पिछली कक्षा में दिया गया डिजिटल पाठ पूरा किया, और यदि उन्हें कोई शंका है या उनके कोई प्रश्न हैं तो उनका समाधान करें।

**कार्यस्थल पर AI का उपयोग!**

**समूह गतिविधि:** शिक्षार्थियों को वर्कबुक के भाग 'कार्यस्थल पर AI का उपयोग' के अंतर्गत दी गई गतिविधि को पूरा करने का निर्देश दें। [अधिक जानकारी के लिए डिजिटल संसाधन देखें]

शिक्षार्थी छोटे समूहों और जोड़ियों में इस गतिविधि को पूरा कर सकते हैं। शिक्षार्थियों को इस प्रणाली की अच्छी और खराब बातों को सोचने के लिए प्रोत्साहित करें।

उदाहरण के लिए इससे लोगों को आसानी तो होगी, लेकिन इसके कारण नौकरियाँ कम हो सकती हैं।
**साझा करने का समय:** गतिविधि के बाद कुछ शिक्षार्थियों को आगे आकर, "चर्चा से जुड़े" प्रश्नों पर अपने विचार कक्षा के साथ साझा करने के लिए कहें।
**निष्कर्ष:** चर्चा से जुड़े मुख्य बिंदुओं को संक्षेप में बताएँ।

शिक्षार्थियों को बिना कैशियर के स्टोर के उदाहरण, जैसे - अमेरिका में Amazon, चीन में BingoBox और जापान में स्वचालित सुविधा स्टोर (automatic convenience store) के बारे में बताएँ।

**कहें:** आज हम जानेंगे कि AI विभिन्न नौकरियों और इंडस्ट्री- जैसे शिक्षा, शॉपिंग और परिवहन पर किस प्रकार प्रभाव डाल रहा है।

**उदाहरण:** स्वास्थ्य सेवा (बीमारियों का पता लगाना), शॉपिंग (उत्पादों का सुझाव देना), फ़ैक्ट्री (मशीनों में खराबी आने से पहले इसका अनुमान लगाना) और परिवहन (सबसे सुविधाजनक रास्ते का सुझाव देना) आदि में AI के उपयोग पर चर्चा करें।

**चर्चा:** शिक्षार्थियों से पूछें कि AI इन इंडस्ट्री को कैसे बदल रहा है। AI किस तरह काम करने के तरीक़ों को तेज़ और बेहतर बनाता है? कुछ शिक्षार्थियों को आगे आकर अपने विचार कक्षा के साथ साझा करने का अवसर दें।

## शिक्षार्थियों से अपेक्षा

- स्टूडेंट वर्कबुक में 'कार्यस्थल पर AI का उपयोग' शीर्षक के अंतर्गत दी गई गतिविधि को पूरा करेंगे।
- शिक्षार्थी इस विषय पर चर्चा करेंगे कि AI कैसे विभिन्न इंडस्ट्री में होने वाले काम को पहले से तेज़ और बेहतर बनाता है।

# 13.5.1 AI इंडस्ट्री और नौकरियों को कैसे प्रभावित करता है।

20 मिनट

## प्रशिक्षक के कार्य

**कहें:** आइए अब जानते हैं कि AI किस तरह से ITI ट्रेड से जुड़ी नौकरियों को प्रभावित कर रहा है?

**उदाहरण:** AI की मदद से इलेक्ट्रीशियन, मैकेनिक, वेल्डर और CNC मशीनिस्ट यह अनुमान लगा पाते हैं कि कब रखरखाव की आवश्यकता है, यह वेल्डिंग को अधिक सटीक बनाता है, और चीजों को बनाने के तरीके में सुधार करता है। [अधिक जानकारी के लिए डिजिटल संसाधन देखें]

**समूह गतिविधि:** शिक्षार्थियों को उनकी पसंद की नौकरियों के आधार पर छोटे समूह बनाने के लिए कहें। उन्हें स्टूडेंट वर्कबुक के भाग 13.5.1 में दी गई गतिविधि को पूरा करने के लिए AI टूल्स और दिए गए प्रॉम्प्ट का उपयोग करने का निर्देश दें। प्रॉम्प्ट में दिए रिक्त स्थान में उस नौकरी के बारे में लिखें जिसमें वे रुचि रखते हैं।

कार्यपुस्तिका में दिए गए उदाहरण को समझाकर शिक्षार्थियों का मार्गदर्शन करें कि कैसे AI एक मैकेनिक के काम को प्रभावित कर सकता है। कक्षा में देखें कि क्या शिक्षार्थियों को मदद की ज़रूरत है और आवश्यकता के अनुसार फ़ीडबैक दें।

**साझा करने का समय:** गतिविधि करने के बाद कुछ शिक्षार्थियों को अपनी सीख कक्षा के साथ साझा करने के लिए कहें।

### शिक्षार्थियों से अपेक्षा

- शिक्षार्थी यह खोज करेंगे कि ITI ट्रेड से जुड़ी नौकरियों को AI कैसे प्रभावित कर रहा है?
- 13.5.1 भाग में दी गई गतिविधि को AI टूल्स जैसे -Microsoft Copilot या ChatGPT का उपयोग करते हुए पूरा करेंगे।

## 13.5.2 काम में AI से होने वाले लाभ और हानि

20 मिनट

### प्रशिक्षक के कार्य

**समूह गतिविधि:** शिक्षार्थियों को पिछली गतिविधि को ध्यान में रखते हुए अपने समूहों में निम्नलिखित प्रश्नों पर चर्चा करने के लिए कहें।

क्या आपको लगता है कि आपके द्वारा चुनी गई नौकरी में AI के उपयोग से केवल लाभ ही होंगे? क्या इससे कोई हानि भी हो सकती हैं? आपके काम में AI के संभावित लाभ और हानि क्या हो सकते हैं?

**साझा करने का समय:** कुछ शिक्षार्थियों को आगे आकर अपनी प्रतिक्रियाएँ कक्षा के साथ साझा करने के लिए कहें ।

चर्चा से जुड़े मुख्य बिंदुओं को संक्षेप में बताएँ और AI से होने वाले संभावित लाभ और हानि की सूची बनाएँ।

**एकल गतिविधि:** स्टूडेंट वर्कबुक के 13.5.2 भाग में दी गई दूसरी गतिविधि को पूरा करने के लिए शिक्षार्थियों का मार्गदर्शन करें।

कक्षा में घूमते हुए शिक्षार्थियों के कार्य का अवलोकन करें, उनकी मदद करें और आवश्यता के अनुसार उन्हें फीडबैक दें, साथ ही यदि उनका कोई प्रश्न है तो उसका उत्तर दें।

### शिक्षार्थियों से अपेक्षा

शिक्षार्थी 13.5.1 भाग में दी गई सभी गतिविधियों को AI टूल्स जैसे -Microsoft Copilot या ChatGPT का उपयोग करते हुए पूरा करेंगे ।

## AI के बारे में आप क्या महसूस करते हैं ?

5 मिनट

### प्रशिक्षक के कार्य

**कहें:** AI की वजह से तैयार हुए रोज़गार के अवसरों और उनसे उत्पन्न चुनौतियों के बारे में आप कैसा महसूस करते हैं?

**साझा करने का समय:** शिक्षार्थियों को अपने विचार और भावनाएँ कक्षा के साथ साझा करने के लिए प्रोत्साहित करें।

स्टूडेंट वर्कबुक में 'AI के बारे में आपको कैसा महसूस हो रहा है?' गतिविधि को पूरा करने के लिए शिक्षार्थियों का मार्गदर्शन करें।

### शिक्षार्थियों से अपेक्षा

शिक्षार्थी AI के बारे में अपनी भावनाएँ साझा करेंगे।

## समापन और चिंतन

5 मिनट

### प्रशिक्षक के कार्य

**रीकैप:** सत्र-योजना में बताए गए मुख्य विषयों को संक्षेप में बताएँ, जैसे - इंडस्ट्री और नौकरियों पर AI का प्रभाव, कार्यस्थल में AI से होने वाले लाभ और हानि।

*[AI के कारण नौकरियों और इंडस्ट्री में बदलाव हो रहे हैं। AI के उपयोग से होने वाले लाभ हैं - कार्यों को स्वचालित करना और निर्णय लेने की प्रक्रिया में तेज़ी आदि। हालाँकि, इसके कुछ नुकसान भी हैं जैसे AI सिस्टम स्थापित करना महँगा हो सकता है और इसके लिए नियमित रखरखाव और अपडेट की आवश्यकता होती है।]*

**चिंतन:** AI आपकी पसंद की नौकरियों को किस प्रकार सकारात्मक रूप से बदल सकता है और उन नौकरियों पर AI के प्रभाव से जुड़ी आपकी एक चिंता के बारे में सोचें।

**गृहकार्य:** विद्यार्थियों को याद दिलाएँ कि वे डिजिटल पाठ 'इंडस्ट्री और नौकरियों पर AI का प्रभाव' और कक्षा के दौरान गृहकार्य के रूप में दी गई अन्य गतिविधियों को घर पर पूरा करें।

**समापन:**
कहें : नौकरियों पर AI के प्रभाव के बारे में सीखने से नए अवसर खुलते हैं और चुनौतियों के बारे में पता चलता है। अगले सत्र में मिलते हैं!

### शिक्षार्थियों से अपेक्षा

शिक्षार्थी कक्षा के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

## प्रॉम्प्ट का उपयोग करने के सुझाव

- **भिन्न परिणाम:** प्रॉम्प्ट आपको भिन्न परिणाम दे सकता है। यदि आपको वह उत्तर नहीं मिलता जिसकी आपको आवश्यकता है तो आप स्पष्टता के लिए अन्य प्रॉम्प्ट का उपयोग करें। कुछ उत्तरों के लिए विभिन्न प्रॉम्प्ट की आवश्यकता होती है।
- **विभिन्न टूल्स का उपयोग:** यदि कोई एक AI टूल काम नहीं करता तो किसी अन्य टूल का उपयोग करने का प्रयास करें।
- **कोशिश करते रहें:** यदि आपको उत्तर नहीं मिलता है, तो चैट दोबारा शुरू करें या फिर से प्रयास करें, हार नहीं मानें।

# 13.6 AI से करियर-विकल्पों को जानें

60 मिनट

## सत्र के उद्देश्य

**इस पाठ की मदद से शिक्षार्थी:**

1. अपनी रुचियों और योग्यताओं के अनुसार करियर के लिए विकल्प खोजने के लिए AI का उपयोग कर पाएंगे।

| विषय | शिक्षण -प्रक्रिया | समय-अवधि |
|---|---|---|
| **परिचय** | • पिछले सत्र के गृहकार्य की जाँच करें, AI टूल्स के साथ शिक्षार्थियों के अनुभवों पर चर्चा करें और और यदि उन्हें कोई शंका है या उनके कोई प्रश्न हैं तो उनका समाधान करें।<br>• करियर-विकल्पों को जानने के लिए AI टूल्स का उपयोग करने के विचार से उन्हें परिचित करवाएँ।<br>• शिक्षार्थी स्टूडेंट वर्कबुक में दी गई पहली गतिविधि को पूरा करेंगे। | 10 मिनट |
| **13.6.1 पहली गतिविधि : AI की मदद से करियर के बारे में समझना।** | • शिक्षार्थी अपनी रुचि और योग्यता के आधार पर 10 करियर-विकल्पों का पता लगाने के लिए AI टूल्स का उपयोग करेंगे।<br>• शिक्षार्थी अपने लिए उपयुक्त 4 करियर-विकल्पों का पता लगाने के लिए चर्चा में भाग लेंगे।<br>• शिक्षार्थी स्टूडेंट वर्कबुक में 13.6.1 भाग की पहली गतिविधि को पूरा करेंगे। | 15 मिनट |
| **13.6.1 दूसरी गतिविधि : AI की मदद से करियर के बारे में समझना।** | • शिक्षार्थी अपने चुने हुए करियर-विकल्पों पर अधिक गहराई से विचार करेंगे। वे आवश्यक कौशलों को जानने और भविष्य के रुझानों को समझने के लिए AI टूल्स का उपयोग करेंगे।<br>• शिक्षार्थी स्टूडेंट वर्कबुक में 13.6.1 भाग में दी गई दूसरी गतिविधि को पूरा करेंगे। | 25 मिनट |
| **समापन और चिंतन** | • मुख्य बिंदुओं का सारांश करें और शिक्षार्थियों को गृहकार्य के बारे में याद दिलाएँ।<br>• शिक्षार्थियों ने जो भी नया सीखा है, उसके बारे में अपने विचार साझा करेंगे। | 10 मिनट |

## सहायक संसाधन:

डिजिटल संसाधन के रूप में उपलब्ध हैं।

## परिचय

10 मिनट

### प्रशिक्षक के कार्य

**गृहकार्य की जाँच और शंकाओं का समाधान**

शिक्षार्थियों से पूछें कि क्या उन्होंने पिछली कक्षा में दिया गया डिजिटल पाठ पूरा किया, और यदि उन्हें कोई शंका है या उनके कोई प्रश्न हैं तो उनका समाधान करें।

पाठ का परिचय देने की ओर बढ़ें।

**कहें:** अभी तक हम गतिविधियों में दिए गए प्रश्नों के उत्तर खोजने के लिए AI टूल्स का उपयोग करते रहे हैं।

**कहें:** क्या आपको लगता है कि आप अपनी रुचियों और योग्यताओं के अनुसार अपने लिए करियर-विकल्प खोजने में AI टूल्स का उपयोग कर सकते हैं?

चर्चा के माध्यम से पहली गतिविधि के लिए शिक्षार्थियों का मार्गदर्शन करें, तथा इस बात पर प्रकाश डालें कि AI किस तरह से सही करियर खोजने में उनकी मदद कर सकता है।

### शिक्षार्थियों से अपेक्षा

शिक्षार्थी स्टूडेंट वर्कबुक में पहली गतिविधि को पूरा करेंगे।

## 13.6.1 पहली गतिविधि: AI की मदद से करियर के बारे में समझना

15 मिनट

### प्रशिक्षक के कार्य

**प्रदर्शित करें:** शिक्षार्थियों को दिखाएँ कि वे करियर-विकल्प खोजने के लिए किस तरह AI टूल का उपयोग कर सकते हैं। स्टूडेंट वर्कबुक में दिए गए प्रॉम्प्ट के उदाहरण से शुरुआत करें और आउटपुट के बारे में विस्तार से बताएँ ।

शिक्षार्थियों को बताएँ कि यदि वे AI के उत्तरों से संतुष्ट नहीं हैं तो वे फॉलो-अप प्रॉम्प्ट का उपयोग कर सकते हैं।

- यदि आप करियर के विकल्पों के बारे में और अधिक जानना चाहते हैं।
  **फॉलो-अप प्रॉम्प्ट:** क्या आप प्रत्येक करियर-विकल्प के बारे में विस्तार से बता सकते हैं?

- यदि आप और अधिक करियर-विकल्पों के बारे में जानना चाहते हैं।
  **फॉलो-अप प्रॉम्प्ट:** क्या आप और करियर-विकल्पों की एक सूची बना सकते हैं?

13.6.1 के पहले प्रॉम्प्ट का उपयोग करने के लिए शिक्षार्थियों का मार्गदर्शन करें। उनसे कहें कि अपनी रुचि और योग्यता के अनुसार करियर-विकल्पों की खोज करने के लिए अपना विवरण प्रॉम्प्ट में दर्ज़ करें।

अपनी योग्यता के अनुसार 10 करियर-विकल्पों की पहचान करने के लिए शिक्षार्थियों को समय दें।

**कहें:** इन 10 करियर-विकल्पों में से अपनी रुचि, कौशल और लक्ष्य से जुड़े 4 करियर-विकल्पों का चयन करें।

जिस समय शिक्षार्थी गतिविधि पूरी कर रहे हैं और 4 करियर-विकल्प चुन रहे हैं, उनसे पूछें कि क्या उन्हें कोई मदद चाहिए और आवश्यकता के अनुसार फीडबैक दें।

यह सुनिश्चित करें कि सभी शिक्षार्थियों ने अपनी पसंद के 4 करियर-विकल्प वर्कबुक में लिख लिए हैं।

### शिक्षार्थियों से अपेक्षा

शिक्षार्थी 13.6.1 भाग में दी गई गतिविधि को AI टूल्स जैसे -Microsoft Copilot या ChatGPT का उपयोग करते हुए पूरा करेंगे।

## 13.6.1 दूसरी गतिविधि: AI की मदद से करियर के बारे में समझना

25 मिनट

### प्रशिक्षक के कार्य

**कहें:** आइए, AI टूल का उपयोग करके आपके चुने गए करियर-विकल्पों से जुड़े कार्य और ज़िम्मेदारियाँ, आवश्यक शिक्षा और इन करियर-विकल्पों की भविष्य में ज़रूरत के बारे में पता करते हैं।

शिक्षार्थियों से कोई एक करियर-विकल्प चुनने के लिए कहें।

उन्हें एक नई AI चैट विंडो खोलने और कार्यपुस्तिका में दिए गए बेस प्रॉम्प्ट का उपयोग करने के लिए कहें। बेस प्रॉम्प्ट में अपना व्यक्तिगत विवरण और चुने गए करियर-विकल्पों के साथ रिक्त स्थान भरने का निर्देश दें। उनके चुने हुए करियर के बारे में अधिक जानने के लिए अगले 7 प्रॉम्प्ट का उपयोग करने में शिक्षार्थियों का मार्गदर्शन करें।

शिक्षार्थियों को उन्हें मिली जानकारी किसी नोटबुक में लिखने के लिए प्रोत्साहित करें।

एक करियर-विकल्प के साथ इस गतिविधि को करने के बाद शिक्षार्थियों को यही प्रक्रिया अन्य विकल्पों के साथ भी दोहराने के लिए कहें।

वैकल्पिक रूप से, समान रुचि वाले शिक्षार्थी जोड़ी बनाकर एक-साथ इस गतिविधि पर कार्य कर सकते हैं।

सभी चार करियर-विकल्पों के लिए इस गतिविधि को पूरा करने के बाद, शिक्षार्थियों से एक करियर चुनने और अपने सहयोगियों या समूह के साथ इस पर चर्चा करने के लिए कहें कि उन्होंने यह विकल्प क्यों चुना।

अब स्टूडेंट वर्कबुक में दिए गए स्थान में उनके चुने गए करियर-विकल्प का विवरण भरने तथा इस भाग की अंतिम गतिविधि को पूरा करने के लिए शिक्षार्थियों का मार्गदर्शन करें।

**साझा करने का समय:** गतिविधि के बाद, कुछ शिक्षार्थियों को निम्न प्रश्न का उत्तर देने के लिए प्रोत्साहित करें:

**आपने कौन सा करियर चुना है, और आपको क्यों लगता है कि यह आपके लिए एक उपयुक्त करियर है?**

### शिक्षार्थियों से अपेक्षा

शिक्षार्थी 13.6.1 भाग में दी गई सभी गतिविधियों को AI टूल्स जैसे -Microsoft Copilot या ChatGPT का उपयोग करते हुए पूरा करेंगे।

## समापन और चिंतन

10 मिनट

### प्रशिक्षक के कार्य

**रीकैप:** सत्र-योजना में बताए गए मुख्य बिंदुओं को संक्षेप में प्रस्तुत करें, जैसे- रुचि और योग्यताओं के आधार पर करियर-विकल्पों को जानने में AI टूल्स कैसे हमारी मदद कर सकते हैं।

*[आज हमने सीखा कि कैसे AI टूल हमारी रुचि और कौशल के अनुरूप करियर-विकल्प खोजने में मदद कर सकते हैं। AI के उपयोग से हम , अपनी योग्यता और इच्छा के अनुसार अलग-अलग करियर खोज सकते हैं।]*

**चिंतन:**
**पूछें:** AI टूल्स की मदद से करियर-विकल्प खोजने का आपका अनुभव कैसा रहा? क्या आपको मिले जवाब आपके लिए उपयोगी हैं? क्या आपको कुछ नए विकल्प पता चले जिनके बारे में आपने पहले नहीं सोचा था?
कुछ शिक्षार्थियों को अपने विचार साझा करने का अवसर दें।

**गृहकार्य:** विद्यार्थियों को याद दिलाएँ कि वे डिजिटल पाठ 'AI से करियर विकल्पों को जानें' और कक्षा के दौरान गृहकार्य के रूप में दी गई अन्य गतिविधियों को घर पर पूरा करें।

**समापन:**
**कहें:** आप सभी ने आज के सत्र में बहुत अच्छी तरह से भाग लिया। करियर के विकल्पों को जानने के लिए AI टूल्स का उपयोग करते रहें। अगले सत्र में मिलते हैं!

### शिक्षार्थियों से अपेक्षा

शिक्षार्थी AI की मदद से करियर विकल्प खोजने के अपने अनुभव के बारे में सोचेंगे और अपने विचार कक्षा के साथ साझा करेंगे।

## प्रॉम्प्ट का उपयोग करने के सुझाव

- **भिन्न परिणाम:** प्रॉम्प्ट आपको भिन्न परिणाम दे सकता है। यदि आपको वह उत्तर नहीं मिलता जिसकी आपको आवश्यकता है तो आप स्पष्टता के लिए अन्य प्रॉम्प्ट का उपयोग करें। कुछ उत्तरों के लिए विभिन्न प्रॉम्प्ट की आवश्यकता होती है।
- **विभिन्न टूल्स का उपयोग:** यदि कोई एक AI टूल काम नहीं करता तो किसीa अन्य टूल का उपयोग करने का प्रयास करें।
- **कोशिश करते रहें:** यदि आपको उत्तर नहीं मिलता  है, तो चैट दोबारा शुरू करें या फिर से प्रयास करें, हार नहीं मानें।

# 13.7 AI की मदद से सीखें

60 मिनट

## सत्र के उद्देश्य

**इस पाठ की मदद से शिक्षार्थी:**

1. बेहतर तरीके से सीखने के लिए AI टूल्स का उपयोग कर पाएंगे।

| विषय | शिक्षण -प्रक्रिया | समय-अवधि |
|---|---|---|
| **परिचय** | • पिछले सत्र के गृहकार्य की जाँच करें, AI टूल्स के साथ शिक्षार्थियों के अनुभवों पर चर्चा करें और और यदि उन्हें कोई शंका है या उनके कोई प्रश्न हैं तो उनका समाधान करें।<br>• पता लगाएँ कि क्या शिक्षार्थी पढ़ाई के लिए AI टूल्स का उपयोग करते हैं।<br>• शिक्षार्थी स्टूडेंट वर्कबुक में दी गई पहली गतिविधि को पूरा करेंगे। | 5 मिनट |
| **13.7.1 बेहतर तरीक़े से सीखने में AI कैसे आपकी मदद कर सकता है** | • शिक्षार्थी उदाहरणों की मदद से अपने सीखने के तरीक़े को बेहतर बनाने के लिए AI टूल्स का उपयोग करना सीखेंगे।<br>• शिक्षार्थी स्टूडेंट वर्कबुक में 13.7.1 भाग में दी गई पहली गतिविधि को पूरा करेंगे। | 30 मिनट |
| **मूल्यांकन** | • शिक्षार्थी दूसरे मॉड्यूल में दिए डिजिटल मूल्यांकन को पूरा करेंगे। | 15 मिनट |
| **समापन और चिंतन** | • मुख्य बिंदुओं का सारांश करें और शिक्षार्थियों को गृहकार्य के बारे में याद दिलाएँ।<br>• शिक्षार्थी साझा करेंगे कि वे सीखने के लिए AI टूल्स का उपयोग कैसे करेंगे। | 10 मिनट |

## सहायक संसाधन:

डिजिटल संसाधन के रूप में उपलब्ध हैं।

## गृहकार्य की जाँच और शंकाओं का समाधान

5 मिनट

### प्रशिक्षक के कार्य

शिक्षार्थियों से पूछें कि क्या उन्होंने पिछली कक्षा में दिया गया डिजिटल पाठ पूरा किया, और यदि उन्हें कोई शंका है या उनके कोई प्रश्न हैं तो उनका समाधान करें।

**कहें:** क्या आप में से किसी ने अपनी पढ़ाई के लिए AI टूल का उपयोग करना शुरू किया है?

- यदि उत्तर 'हाँ' में मिलता है तो पूछें: क्या आप बताना चाहेंगे कि आपने किस कार्य के लिए AI का उपयोग किया और आपने किस टूल का उपयोग किया?
- यदि उत्तर 'नहीं' में मिलता है, तो उन्हें AI का उपयोग शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करें।

शिक्षार्थियों को उनके अनुभव साझा करने का अवसर दें और उन्हें स्टूडेंट वर्कबुक में पहली गतिविधि को पूरा करने के लिए कहें।

## शिक्षार्थियों से अपेक्षा

शिक्षार्थी स्टूडेंट वर्कबुक में दी गई पहली गतिविधि को पूरा करेंगे।

# 13.7.1 बेहतर तरीक़े से सीखने में AI कैसे आपकी मदद कर सकता है

30 मिनट

## प्रशिक्षक के कार्य

**कहें:** पिछली बार हमने विस्तार से चर्चा की थी कि AI किस तरह करियर-विकल्पों के बारे में जानने में हमारी मदद कर सकता है। इसी तरह, हम किसी भी विषय के बारे में जानने के लिए ChatGPT और Microsoft Copilot जैसे AI टूल्स  का उपयोग कर सकते हैं।

प्रिया का अनुभव साझा करें जिसमें उसने अपने अंग्रेज़ी बोलने के कौशल को सुधारने के लिए AI टूल्स का उपयोग किया।

**जोड़ी में /समूह गतिविधि:** कक्षा में शिक्षार्थियों की संख्या के आधार पर उन्हें 9 समूह या जोड़ियों में विभाजित करें। प्रत्येक समूह को वर्कबुक में दिए गए प्रिया के सीखने के क्रम के किसी एक भाग पर काम करने के लिए कहें।

प्रत्येक समूह को वर्कबुक में दिए AI प्रॉम्प्ट का उपयोग करते हुए AI से उत्तर प्राप्त करने के लिए कहें।

**साझा करने का समय:** जब सभी समूह कार्य पूरा कर चुके हों, तब उनसे एक-एक करके उन्हें मिली जानकारी को पूरी कक्षा के साथ साझा करने के लिए कहें।

**कहें:** आपने कुछ नया सीखने में AI टूल के उपयोग का एक उदाहरण देखा। अब आप समझ सकते हैं कि AI किस तरह बेहतर ढंग से सीखने में आपकी मदद कर सकता है। तो आइए, अब अपने सीखने की योजना बनाते हैं।

गतिविधि में दिए रिक्त स्थान की जगह शिक्षार्थी जिस विषय के बारे में जानना चाहते हैं, उसे लिखने और AI से जानकारी प्राप्त के लिए शिक्षार्थियों का मार्गदर्शन करें।

**एकल गतिविधि:**
- शिक्षार्थियों को अपनी वर्कबुक के 13.7.1 भाग में दी गई गतिविधि को स्वतंत्र रूप से पूरा करने के लिए कहें।  [आप इस कार्य को गृहकार्य के रूप में भी दे सकते हैं।]
- शिक्षार्थियों को अपनी 'सीखने की योजना' कक्षा में प्रस्तुत करने का निर्देश दें।

कक्षा में शिक्षार्थियों के कार्यों का अवलोकन करें, उनसे मदद के लिए पूछें, आवश्यकता के अनुसार फीडबैक दें और यदि उनके पास कुछ प्रश्न हों तो उनका उत्तर दें।

## शिक्षार्थियों से अपेक्षा

- शिक्षार्थी प्रिया के उदाहरण की मदद से समझेंगे कि अंग्रेज़ी बोलने के कौशल को सुधारने में AI कैसे मदद कर सकता है।
- शिक्षार्थी Microsoft Copilot या ChatGPT जैसे AI टूल का उपयोग करके 13.7.1 भाग की गतिविधि को पूरा करेंगे।

# डिजिटल मूल्यांकन

15 मिनट

## प्रशिक्षक के कार्य

शिक्षार्थियों से दूसरे मॉड्यूल में दिए गए डिजिटल मूल्यांकन को पूरा करने के लिए कहें।

डिजिटल मूल्यांकन पूरा करने के बाद शिक्षार्थियों को प्रोत्साहित करें कि बेहतर समझ और अपनी सीख को सुदृढ़ करने के लिए वे अपने मूल्यांकन की समीक्षा करें।

उन्हें अपने मूल्यांकन पर समूह में चर्चा करने तथा मन में उठने वाले किसी भी प्रश्न या शंका के बारे में पूछने के लिए प्रेरित करें।

## शिक्षार्थियों से अपेक्षा

दूसरे मॉड्यूल में दिए डिजिटल मूल्यांकन को पूरा करेंगे।

## समापन और चिंतन

10 मिनट

### प्रशिक्षक के कार्य

**रीकैप:** सत्र-योजना में बताए गए मुख्य विषयों को संक्षेप में बताएँ, जैसे - AI टूल्स सीखने में हमारी मदद कैसे कर सकते हैं।

*[Microsoft Copilot और ChatGPT जैसे AI टूल्स कुछ नया सीखने में आपकी मदद कर सकते हैं। वे नए विषयों के बारे में जानने और अपने कौशल को बेहतर बनाने में आपकी मदद करते हैं। AI आपके सीखने के तरीक़े के अनुसार योजना बनाने में मदद करता है और आपको उपयोगी फीडबैक देता है।]*

**चिंतन:** पूछें : क्या आपको AI टूल उपयोगी लगे? यदि हाँ, तो आप भविष्य में पढ़ाई के लिए AI टूल्स का उपयोग कैसे करेंगे?

शिक्षार्थियों को अपने विचार साझा करने और स्टूडेंट वर्कबुक में "आपके विचार" गतिविधि को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित करें।

**गृहकार्य:** शिक्षार्थियों को याद दिलाएँ कि वे डिजिटल पाठ "AI की मदद से सीखें" और कक्षा के दौरान गृहकार्य के रूप में दी गई गतिविधि को घर पर पूरा करें।

**समापन:**
कहें: आप सभी ने आज के सत्र में बहुत अच्छी तरह से भाग लिया।
याद से ऐसे तरीक़ों के बारे में पता करते रहें जिससे AI आपके सीखने को तरीक़े को और रुचिकर बना सकता है और उसके अनुसार अपने सीखने के तरीक़े में बदलाव करते रहें।

### शिक्षार्थियों से अपेक्षा

विद्यार्थी सीखने के लिए AI का उपयोग करने की योजना साझा करेंगे।

## प्रॉम्प्ट का उपयोग करने के सुझाव

- **भिन्न परिणाम:** प्रॉम्प्ट आपको भिन्न परिणाम दे सकता है। यदि आपको वह उत्तर नहीं मिलता जिसकी आपको आवश्यकता है तो आप स्पष्टता के लिए अन्य प्रॉम्प्ट का उपयोग करें। कुछ उत्तरों के लिए विभिन्न प्रॉम्प्ट की आवश्यकता होती है।
- **विभिन्न टूल्स का उपयोग:** यदि कोई एक AI टूल काम नहीं करता तो किसी अन्य टूल का उपयोग करने का प्रयास करें।
- **कोशिश करते रहें:** यदि आपको उत्तर नहीं मिलता है, तो चैट दोबारा शुरू करें या फिर से प्रयास करें, हार नहीं मानें।

# 13.8 ज़िम्मेदारी के साथ AI का उपयोग

60 मिनट

## सत्र के उद्देश्य

**इस पाठ की मदद से शिक्षार्थी:**

1. एथिकल या नैतिक AI के बारे में समझ पाएंगे।
2. AI से जुड़ी एथिकल चुनौतियों को पहचान पाएंगे।
3. ज़िम्मेदारी के साथ AI के उपयोग के बारे में समझ पाएंगे।

| विषय | शिक्षण -प्रक्रिया | समय-अवधि |
|---|---|---|
| **एथिकल या नैतिक AI** | • पिछले सत्र के गृहकार्य की जाँच करें, AI टूल्स के साथ शिक्षार्थियों के अनुभवों पर चर्चा करें और और यदि उन्हें कोई शंका है या उनके कोई प्रश्न हैं तो उनका समाधान करें।<br>• AI रोबोट अच्छे हैं या खराब, इस विषय पर चर्चा।<br>• शिक्षार्थी स्टूडेंट वर्कबुक में 'एथिकल AI' के अंतर्गत दी गई गतिविधि को पूरा करेंगे। | 10 मिनट |
| **13.8.1 एथिकल AI क्या है?** | • शिक्षार्थी एथिकल AI के अर्थ के बारे में जानेंगे। | 5 मिनट |
| **13.8.2 एथिकल AI से जुड़ी चुनौतियाँ क्या हैं और हम कैसे ज़िम्मेदारी के साथ इसका उपयोग कर सकते हैं?** | • शिक्षार्थी उदाहरणों की मदद से AI से जुड़ी प्रमुख एथिकल चुनौतियों, जैसे - पक्षपात, निजता और सुरक्षा के बारे में जानेंगे।<br>• शिक्षार्थी स्टूडेंट वर्कबुक में 13.8.2 भाग में दी गई गतिविधियों को पूरा करेंगे। | 20 मिनट |
| **13.8.3 ज़िम्मेदारी के साथ AI का उपयोग करना क्यों ज़रूरी है?** | • शिक्षार्थी, ज़िम्मेदारी के साथ AI का उपयोग करने के महत्व से जुड़ी चर्चा में भाग लेंगे।<br>• शिक्षार्थी, स्टूडेंट वर्कबुक में 13.8.3 भाग में दी गई सभी गतिविधियों को पूरा करेंगे। | 10 मिनट |
| **मूल्यांकन** | • शिक्षार्थी अंतिम मॉड्यूल में दिए डिजिटल मूल्यांकन को पूरा करेंगे। | 10 मिनट |
| **समापन और चिंतन** | • मुख्य बिंदुओं का सारांश करें और विद्यार्थियों को गृहकार्य के बारे में याद दिलाएँ।<br>• शिक्षार्थी AI के बारे में अपनी समझ और सीख पर अपने विचार साझा करेंगे। | 5 मिनट |

## सहायक संसाधन:

डिजिटल संसाधन के रूप में उपलब्ध हैं।

## गृहकार्य की जाँच और शंकाओं का समाधान

10 मिनट

### प्रशिक्षक के कार्य

शिक्षार्थियों से पूछें कि क्या उन्होंने पिछली कक्षा में दिया गया डिजिटल पाठ पूरा किया, और यदि उन्हें कोई शंका है या उनके कोई प्रश्न हैं तो उनका समाधान करें।

**एथिकल AI**

**कहें:** आज हम एक ज़रूरी विषय पर चर्चा करने वाले हैं: क्या हमें अदालती मामलों में जज के रूप में रोबोट का उपयोग करना चाहिए? ये रोबोट बहुत होशियार हैं और पेश किए गए सबूतों को बखूबी समझ सकते हैं। क्या आप उन पर भरोसा करेंगे? क्यों या क्यों नहीं?

**समूह गतिविधि:** शिक्षार्थियों को छोटे समूहों या जोड़ियों में चर्चा करने और 'एथिकल AI' भाग में दी गई गतिविधि को पूरा करने का निर्देश दें।

**साझा करने का समय:** गतिविधि के पूरा होने के बाद कुछ शिक्षार्थियों से अपने उत्तर और उनके कारण साझा करने के लिए कहें।

**चर्चा का सार:** हमने रोबोट जज के संभावित लाभों के बारे में बात की, जैसे निष्पक्षता, कम गलतियाँ और कम समय में फ़ैसला। हमने नुकसानों पर भी विचार किया, जैसे मानवीय भावनाओं की समझ की कमी, संभावित पक्षपात और नई समस्याओं को हल करने में मुश्किल।

AI का उपयोग करने वाले रोबोट जज निष्पक्ष हो सकते हैं क्योंकि वे मनुष्यों की तरह बिना व्यक्तिगत पक्षपात के तथ्यों और नियमों के आधार पर निर्णय लेते हैं, वे सीखे गए डेटा का उपयोग करके कानून का पालन करते हैं। हालाँकि, अगर उन्हें प्रशिक्षित करने के लिए इस्तेमाल किया गया डेटा पक्षपातपूर्ण है, तो वे अनुचित निर्णय ले सकते हैं।

संक्षेप में, रोबोट जज कुछ तरीकों से कानूनी प्रणाली में सुधार कर सकते हैं, लेकिन उनके उपयोग के साथ गंभीर एथिकल मुद्दे भी जुड़े हुए हैं। ['एथिकल'' शब्द के बारे में शिक्षार्थियों की समझ की जाँच करें]

**कहें:** "एथिकल" का अर्थ है सही और गलत के बीच का अंतर जानना और सही का चयन करना। इसका मतलब है लोगों के साथ निष्पक्ष व्यवहार करना और सही विकल्प चुनना।

### शिक्षार्थियों से अपेक्षा

स्टूडेंट वर्कबुक के 'एथिकल AI' भाग में दी गई गतिविधि को पूरा करेंगे।

## एथिकल AI क्या है ?

5 मिनट

### प्रशिक्षक के कार्य

**कहें:** 'एथिकल' और 'AI' इन दो शब्दों को जानने के आधार पर क्या आप बता सकते हैं कि 'एथिकल AI क्या है? [बोर्ड पर ' 'एथिकल AI' लिखें।]

शिक्षार्थियों को जवाब देने के लिए प्रोत्साहित करें और उनके द्वारा साझा किए गए मुख्य बिंदुओं को बोर्ड पर लिखें।

**कहें:** एथिकल AI का मतलब है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग इस तरह से करना जो निष्पक्ष हो, ईमानदार हो और लोगों की भावनाओं और अधिकारों के प्रति संवेदनशील हो। इसका मतलब यह सुनिश्चित करना है कि AI सभी की मदद करे और किसी को नुकसान न पहुँचाए। यह लोगों की निजता (privacy) का सम्मान करे और सभी के साथ समानता का व्यवहार करे।

### शिक्षार्थियों से अपेक्षा

शिक्षार्थी 'एथिकल AI' के संबंध में अपनी समझ साझा करेंगे।

## 13.8.2 ज़िम्मेदारी के साथ AI का उपयोग करना क्यों ज़रूरी है?

20 मिनट

### प्रशिक्षक के कार्य

**कहें:** पिछली गतिविधि में, हमने एक चुनौती के बारे में जाना AI में पक्षपात। निजता (privacy) और सुरक्षा AI की अन्य एथिकल चुनौतियाँ हैं। आइए इनमें से प्रत्येक के बारे में और अधिक जानें।

नीचे दिए गए वास्तविक उदाहरणों की मदद से पक्षपात, निजता और सुरक्षा को संक्षेप में समझाएँ।

- **पक्षपात:** पक्षपात तब होता है जब किसी के साथ गलत या अलग तरीके से व्यवहार किया जाता है। उदाहरण के लिए, कल्पना करें कि कक्षा में शिक्षक हमेशा आगे की पंक्ति के छात्रों को काम के लिए चुनते हैं, भले ही बीच की पंक्ति या पीछे के अन्य छात्र भी उतने ही अच्छे हों। यह अनुचित व्यवहार है, जो AI में पक्षपात के समान है।

- **निजता:** निजता का अर्थ है व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित और गोपनीय रखना। सोचें कि आप गेम खेलने के लिए अपना फोन किसी दोस्त को देते हैं, और वे गलती से आपकी अनुमति के बिना आपका निजी संदेश पढ़ लेते हैं। यह निजता का उल्लंघन है क्योंकि उन्होंने ऐसी चीज़ देखी जो गोपनीय रहनी चाहिए थी।

- **सुरक्षा:** सुरक्षा का अर्थ है चीज़ों को नुकसान से बचाना, जैसे घर के दरवाज़े बंद करने से हम चोरों से सुरक्षित रहते हैं, वैसे ही AI में सुरक्षा, AI सिस्टम और उसमें मौजूद जानकारी को चोरी या क्षतिग्रस्त होने से बचाती है।

**कहें:** आइए अब AI से जुड़ी इन चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा करें।

**समूह गतिविधि:** कक्षा को 4 समूहों में विभाजित करें। प्रत्येक समूह को स्टूडेंट वर्कबुक के 13.8.2 भाग में दी गई एक एथिकल चुनौती (या स्थिति) दें।
[समूह 1: **पक्षपात** ; समूह 2: **निजता** ; समूह 3: **ज़िम्मेदारी और सुरक्षा (घटना 1)** और समूह 4: **ज़िम्मेदारी और सुरक्षा (घटना 2)**]

**कहें:** प्रत्येक समूह, उन्हें दी गई स्थिति पर चर्चा करेंगे और प्रश्नों के आधार पर स्थिति से जुड़ी एथिकल चुनौती व संभावित समाधान पर विचार करेंगे।

**साझा करने का समय:** समूह में 10 मिनट की चर्चा के बाद, उनसे अपनी स्थिति प्रस्तुत करने और वर्कबुक में दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक-एक करके कक्षा के साथ साझा करने के लिए कहें।

**सार:** पक्षपात, निजता और सुरक्षा पर AI के प्रभाव तथा इन एथिकल चुनौतियों के संभावित समाधानों पर प्रत्येक समूह की चर्चा से मिले प्रमुख बिंदुओं को संक्षेप में दोहराएँ।

### शिक्षार्थियों से अपेक्षा

शिक्षार्थी सामूहिक कार्य में सक्रिय रूप से भाग लेंगे और 13.8.2 भाग में दी गई सभी गतिविधियों को पूरा करेंगे।

## 13.8.3 ज़िम्मेदारी के साथ AI का उपयोग करना क्यों ज़रूरी है?

10 मिनट

### प्रशिक्षक के कार्य

**चर्चा:** शिक्षार्थियों से वर्कबुक के 13.8.3 भाग में दिए गए उदाहरणों को देखने और विचार करने के लिए कहें कि जब AI का जिम्मेदारी से उपयोग नहीं किया जाता है तो क्या हो सकता है। निम्नलिखित प्रॉम्प्ट का उपयोग करके कक्षा में चर्चा करवाएँ:
1. क्या आपको (या आपके किसी जानकार को) AI के दुरुपयोग का अनुभव हुआ है?

2. आपके अनुसार, सोशल मीडिया या शॉपिंग जैसे रोज़मर्रा के कार्यों में AI का उपयोग हमारी निजता को कैसे प्रभावित करता है? क्या आप किसी उदाहरण के बारे में सोच सकते हैं?

3. AI के दुरुपयोग को रोकने और उससे निपटने के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं?

**साझा करने का समय:** कुछ शिक्षार्थियों को अपने उत्तर कक्षा के साथ साझा करने के लिए कहें।

**एकल गतिविधि:** शिक्षार्थियों को उनकी वर्कबुक में 13.8.3 भाग में दी गई दो गतिविधियों को पूरा करने का निर्देश दें।

शिक्षार्थियों को नकली AI प्रोफाइल्स के कारण उत्पन्न समस्याओं को हल करने के तरीक़ों पर अपने विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहित करें।

कक्षा में शिक्षार्थियों के कार्यों का अवलोकन करें, उनकी मदद करें, आवश्यकता के अनुसार फीडबैक दें और यदि उनके पास कोई प्रश्न हो तो उनका उत्तर दें।

**कहें:** ज़िम्मेदारी से AI का उपयोग करना बहुत ज़रूरी है क्योंकि इससे सभी के लिए निष्पक्ष और सुरक्षित माहौल बनाए रखने में मदद मिलती है। AI के काम करने के तरीक़े के बारे में जानकर और इसे उपयोग करते समय निष्पक्षता और सुरक्षा का ध्यान रखकर आप यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि आपके जीवन में AI का उपयोग सही ढंग से हो।

### शिक्षार्थियों से अपेक्षा

- शिक्षार्थी सक्रिय रूप से चर्चा में भाग लेंगे।
- स्टूडेंट वर्कबुक में दी गई गतिविधियों को पूरा करेंगे।

## डिजिटल मूल्यांकन

10 मिनट

### प्रशिक्षक के कार्य

शिक्षार्थियों से अंतिम मॉड्यूल में दिए डिजिटल मूल्यांकन को पूरा करने के लिए कहें।

डिजिटल मूल्यांकन पूरा करने के बाद शिक्षार्थियों को प्रोत्साहित करें कि बेहतर समझ और अपनी सीख को सुदृढ़ करने के लिए वे अपने मूल्यांकन की समीक्षा करें।

उन्हें अपने मूल्यांकन पर समूह में चर्चा करने तथा मन में उठने वाले किसी भी प्रश्न या शंका के बारे में पूछने के लिए प्रेरित करें।

### शिक्षार्थियों से अपेक्षा

अंतिम मॉड्यूल में दिए डिजिटल मूल्यांकन को पूरा करेंगे।

## समापन और चिंतन

5 मिनट

### प्रशिक्षक के कार्य

**रीकैप:** सत्र-योजना में शामिल मुख्य विषयों को संक्षेप में बताएँ, जैसे - एथिकल AI क्या है, AI में पक्षपात , निजता , सुरक्षा से जुड़ी एथिकल चुनौतियाँ, और ज़िम्मेदारी से AI का उपयोग करने का महत्व।

[हमने एथिकल AI के बारे में जाना , जिसमें AI का निष्पक्ष और सुरक्षित तरीके से उपयोग करना शामिल है। एथिकल AI को पक्षपात , निजता और सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए समाज को लाभ पहुँचाने के लिए AI का उपयोग जिम्मेदारी के साथ किया जाना चाहिए।]

**चिंतन:** पूछें "ऐसे कौन से तरीके हैं जिनसे आप सुनिश्चित कर सकते हैं कि आप AI का उपयोग ज़िम्मेदारी से कर रहे हैं?"
कुछ शिक्षार्थियों को अपने विचार साझा करने का अवसर दें।

**गृहकार्य:** शिक्षार्थियों को याद दिलाएँ कि वे डिजिटल पाठ "ज़िम्मेदारी के साथ AI का उपयोग - भाग 1 और भाग 2' और कक्षा के दौरान गृहकार्य के रूप में दी गई गतिविधि को घर पर पूरा करें।

**समापन:** कहें: आप सभी ने आज के सत्र में बहुत अच्छी तरह से भाग लिया। निष्पक्षता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए AI का ज़िम्मेदारी से उपयोग करना महत्वपूर्ण है। हमेशा AI का उपयोग ऐसे तरीकों से करने का प्रयास करें जिससे सभी को लाभ हो। अपनी सीख को आज़माने और कुछ नया सीखने के लिए AI टूल्स का उपयोग करते रहें।

## शिक्षार्थियों से अपेक्षा

ज़िम्मेदारी से AI का उपयोग करने के विषय पर शिक्षार्थी अपने विचार साझा करेंगे।

## प्रॉम्प्ट का उपयोग करने के सुझाव

- **भिन्न परिणाम:** प्रॉम्प्ट आपको भिन्न परिणाम दे सकता है। यदि आपको वह उत्तर नहीं मिलता जिसकी आपको आवश्यकता है तो आप स्पष्टता के लिए अन्य प्रॉम्प्ट का उपयोग करें। कुछ उत्तरों के लिए विभिन्न प्रॉम्प्ट की आवश्यकता होती है।
- **विभिन्न टूल्स का उपयोग:** यदि कोई एक AI टूल काम नहीं करता तो किसी अन्य टूल का उपयोग करने का प्रयास करें।
- **कोशिश करते रहें:** यदि आपको उत्तर नहीं मिलता है, तो चैट दोबारा शुरू करें या फिर से प्रयास करें, हार नहीं मानें।

# ऑनलाइन एम्प्लॉयबिलिटी स्किल्स सीखें

Scan to start learning

Visit: **www.skillindiadigital.gov.in/courses**

Supported by:

QUEST ALLIANCE | FUTURE RIGHT SKILLS NETWORK FRSN | accenture | CISCO Corporate Social Responsibility | J.P.Morgan | SAP